ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

# दैनिक युरेशिया

वर्ष: 3 अंक : 232
मेरठ, शनिवार, 22 जून 2024
(पृष्ठ: 6)
मूल्य: 2 रूपया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार





दसवें अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर विशेष..... 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

जिला अस्पताल के डॉक्टर का गजब का कारनामा... 6


एक नज़र..

## तमिलनाडु में अवैध शराब से मरने वालों की संख्या 47 हुई



चेन्नई, (एजेंसी) तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी शराब पीने से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ कर 47 हो गई है। अन्य 30 लोगों की हालत गंभीर है।

कल्लाकुरिची के जिलाधिकारी प्रशांत एमएस ने कहा, 'अवैध देशी शराब पीने से कुल 165 लोग बीमार हुए थे और उन्हें कल्लाकुरिची, जेआईपीएमईआर, सलेम और मुंडियाम्बक्कम सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से अब तक 47 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि इलाज करा रहे 118 लोगों में से 30 की हालत गंभीर है।' कल्लाकुरिची में उपचाराधीन मरीजों से मिलने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में अवैध देशी शराब की बिक्री को रोकने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। साथ ही अधिकारियों को गहन तलाशी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में करुणापुरम में प्रभावित लोगों की संख्या जानने के लिए घर-घर जाकर गणना भी की जा रही है। जिलाधिकारी ने जनता से अपील की कि जिन लोगों ने अवैध शराब का सेवन किया है, वे खुद ही जल्द से जल्द जांच कराएं और आवश्यकता पड़ने पर इलाज कराएं, ताकि उनके जीवन को खतरा न हो।

## कनाडा में उड़ान प्रतिबंधित सूची में बने रहेंगे दो सिख चरमपंथी



कनाडा की एक अदालत ने देश की 'उड़ान-प्रतिबंधित' सूची से बाहर किए जाने के दो सिख चरमपंथियों के प्रयास को यह कहते हुए नाकाम कर दिया कि यह संदेह करने के लिए 'पुख्ता आधार' हैं कि वे आतंकवादी घटना को अंजाम देने के वास्ते परिवहन सुरक्षा या हवाई यात्रा के लिए खतरा होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अपीलीय अदालत ने भगत सिंह बराड़ और पर्वकर सिंह दुलाई की अपील खारिज कर दी है। इन दोनों का नाम कनाडा के सुरक्षित विमान यात्रा अधिनियम के तहत 'उड़ान प्रतिबंधित' सूची में शामिल किया गया था। इससे पहले दोनों सिख चरमपंथियों ने इस सूची की संवैधानिकता को चुनौती दी थी और उनकी याचिका निरस्त हो गयी थी। इसके बाद उन्होंने अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था। दोनों को 2018 में वैंकूवर में विमानों में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गयी थी। बराड़ और दुलाई ने वर्ष 2019 में इस सूची से अपना नाम हटाने के लिए कनाडा की संघीय अदालत का रुख किया था, लेकिन न्यायमूर्ति साइमन नोएल ने 2022 में उन दोनों के खिलाफ फैसला सुनाया। इस फैसले के खिलाफ दोनों ने अपीलीय अदालत का दरवाजा खटखटाया था। नयी दिल्ली में सूत्रों ने बताया कि दुलाई प्रतिबंधित संगठन 'बब्बर खालसा' का सदस्य है। उन्होंने बताया कि दुलाई विपक्षी 'न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी' के नेता जगमीत सिंह का करीबी है। दुलाई सरे से 'चौनल पंजाबी' और चंडीगढ़ से 'ग्लोबल टीवी' चौनलों का संचालन करता है। सूत्रों के अनुसार, दोनों चौनल खालिस्तानी दुष्प्रचार करते हैं। अदालत की व्यवस्था ऐसे समय पर आई है जब कथित सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री द्वारा भारत पर आरोप लगाए जाने से दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हैं।

# आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को टाल दें पीएम : ममता



नयी दिल्ली, (एजेंसी) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 'हड़बड़ी में पारित' तीन आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को टालने का आग्रह किया है। ये तीनों कानून एक जुलाई से लागू होने हैं। ममता ने कहा कि ऐसा करने से आपराधिक कानूनों की नये सिरे से संसदीय समीक्षा संभव होगी।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में तीनों कानूनों के आसन्न कार्यान्वयन को लेकर गंभीर चिंता जताई। ये तीन नये कानून हैं, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023। उन्होंने कहा कि ये तीनों विधेयक लोकसभा में ऐसे समय में पारित हुए, जब 146 सांसद सदन से निलंबित थे। ममता ने कहा, 'आपकी पिछली सरकार ने इन तीन महत्वपूर्ण विधेयकों को एकतरफा और बिना किसी बहस के पारित कर दिया था। लोकतंत्र के उस काले दौर में विधेयकों को तानाशाहीपूर्ण तरीके से पारित किया गया। मामले की अब समीक्षा होनी चाहिए।' ममता ने कहा, 'मैं अब आपके कार्यालय से आग्रह करती हूं कि कम से कम कार्यान्वयन की तारीख को आगे बढ़ाने पर विचार करें। इसके दो कारण हैं रू नैतिक और व्यावहारिक।' उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण विधायी बदलावों पर नये सिरे से विचार-विमर्श होना चाहिए और जांच के लिए नव निर्वाचित संसद के समक्ष रखा जाना चाहिए। टीएमसी सुप्रीमो ने कहा, 'जल्दबाजी में पारित किए गए नये कानूनों को लेकर सार्वजनिक रूप से व्यक्त की गई व्यापक आपत्तियों के मद्देनजर नये सिरे से संसदीय समीक्षा लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी। यह तरीका नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रस्तावित कानून की गहन जांच करने का अवसर प्रदान करेगा।' बंगाल की मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैं आपसे विनम्रतापूर्वक अनुरोध करती हूं कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनए) 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 के कार्यान्वयन को टालने की हमारी अपील पर विचार करें।' केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि तीन नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू होंगे।

# कनाडा की संसद में निज्जर के लिए मौन रखने की भारत द्वारा आलोचना



नयी दिल्ली, (एजेंसी) भारत ने खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की याद में कनाडा की संसद द्वारा एक मिनट का मौन रखे जाने की शुक्रवार को आलोचना की। निज्जर की पिछले साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हम हिंसा की वकालत करने वाले और चरमपंथ को राजनीतिक जमीन मुहैया कराने वाले किसी भी कदम का स्वाभाविक रूप से विरोध करते हैं।'

कनाडा की संसद ने दो दिन पहले एक असामान्य कदम के तहत निज्जर की याद में एक मिनट का मौन रखा था। पिछले साल सितंबर में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की 'संभावित' संलिप्तता का आरोप लगाया था और उसके बाद दोनों देशों के संबंधों में गंभीर तनाव आ गया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को 'बेतुका' बताते हुए खारिज कर दिया था। भारत लगातार कहता रहा है कि दोनों देशों के बीच मुख्य मुद्दा यह है कि कनाडा वहां से संचालित खालिस्तान समर्थक तत्वों को बिना रोक-टोक के स्थान दे रहा है।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने पिछले हफ्ते कहा था कि कनाडा के साथ भारत का मुख्य मुद्दा ओटावा द्वारा भारत-विरोधी तत्वों को राजनीतिक जगह मुहैया कराना है, जो उग्रवाद और हिंसा की वकालत करते हैं।

# नीट-यूजीः काउंसलिंग टालने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

### परीक्षा निरस्त करने के मामले में केंद्र सरकार और एनटीए को नोटिस



नयी दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को विवादों में घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी)-2024 की छह जुलाई से प्रस्तावित काउंसलिंग प्रक्रिया को टालने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने परीक्षा रद्द करने के आग्रह वाली याचिका पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए), केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किये हैं।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा में धांधली का आरोप लगाने वाली अन्य लंबित याचिकाओं के साथ इस मामले की अगली सुनवाई आठ जुलाई को तय की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता ने तर्क दिया, 'मैं केवल प्रार्थना कर रहा हूं कि छह जुलाई को होने वाली काउंसलिंग केवल दो दिनों के लिए टाल दी जाए। इसका कारण यह है कि मुख्य मामला आठ जुलाई को सूचीबद्ध है।' पीठ ने कहा, 'हम एक ही तरह के बयान सुन रहे हैं। काउंसलिंग का मतलब 'शुरू करना और बंद करना' नहीं है। यह एक प्रक्रिया है, जोकि छह जुलाई से शुरू हो रही है।' कोर्ट को बताया गया कि काउंसलिंग लगभग एक सप्ताह तक चलेगी। पीठ ने एनटीए को कुछ निर्देश देने का अनुरोध करने वाले एक अलग आवेदन पर भी विचार किया। आवेदक की ओर से पेश अधिवक्ता ने 23 जून को दोबारा होने वाली परीक्षा का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि एनटीए ने कुछ महत्वपूर्ण जानकारी छिपा ली है। इसके बाद पीठ ने एनटीए के अधिवक्ता से आवेदन पर जवाब दाखिल करने को कहा और इसे आठ जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। गौर हो कि नीट-यूजी-2024 परीक्षा पर अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने 18 जून को कहा था कि अगर परीक्षा के संचालन में किसी की ओर से '0.001 प्रतिशत भी लापरवाही' हुई है, तो भी इससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए।

नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितता के आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए और प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। एनटीए के अब तक के इतिहास में अभूतपूर्व रूप से 67 छात्रों ने पूरे 720 अंक प्राप्त किए जिनमें हरियाणा के फरीदाबाद स्थित एक ही केंद्र पर परीक्षा देने वाले छह अभ्यर्थियों के नाम भी शामिल हैं, इससे परीक्षा में अनियमितता किये जाने का संदेह उत्पन्न हो गया। यह आरोप लगाया गया कि कृपांक (ग्रेस मार्क्स) के कारण 67 छात्रों को शीर्ष रैंक हासिल हुई। देशभर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी परीक्षा का आयोजन एनटीए द्वारा किया जाता है।

### नीट-यूजी मामले में देशभर में हुए प्रदर्शन

नयी दिल्ली (एजेंसी) : 'राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी), 2024' की परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफशुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन हुए। विभिन्न राज्यों में अलग-अलग संगठनों एवं राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं ने सरकार एवं एनटीए के खिलाफनारेबाजी की। पंजाब, पश्चिम बंगाल, झारखंड सहित कई राज्यों में अभ्यर्थियों ने जबरदस्त नारेबाजी की। दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय के निकट विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने किया।

# प्रियंका के लिए चुनाव प्रचार करेंगी ममता बनर्जी !



नयी दिल्ली (एजेंसी) लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस से दूरी बनाकर चलीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं टीएमसी सुप्रीमो अब वायनाड में उपचुनाव के दौरान कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के लिए प्रचार करेंगी। गौर हो कि राहुल गांधी द्वारा वायनाड सीट छोड़ने के साथ ही प्रियंका गांधी का वहां से चुनाव लड़ना तय हो चुका है। सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अब प्रियंका गाधी के लिए चुनाव प्रचार करेंगी। सूत्रों के मुताबिक ममता के चिर प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के चुनाव हार जाने के बाद से ममता-कांग्रेस में फिर नजदीकियां बढ़ी हैं।

# केजरीवाल की जमानत पर अंतरिम रोक

### विशेष अदालत के आदेश के खिलाफहाईकोर्ट गयी ईडी



नयी दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कथित आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दिए जाने के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। अब फिलहाल उन्हें जेल में ही रहना होगा।

इससे पहले आप के राष्ट्रीय संयोजक के तिहाड़ से बाहर आने की तैयारियां थीं। गौर हो कि केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। जस्टिस सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा, 'इस आदेश की घोषणा होने तक आरोपित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक रहेगी।' पीठ ने पक्षों से 24 जून तक लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा। हाईकोर्ट ने कहा कि वह 2-3 दिनों के लिए आदेश सुरक्षित रख रहा है। कोर्ट ने केजरीवाल को नोटिस जारी कर ईडी की उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें ट्रायल कोर्ट के 20 जून के आदेश को चुनौती दी गई है। अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी।

ईडी का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने तर्क दिया कि ट्रायल कोर्ट का आदेश विकृत, एकतरफा और गलत था। उन्होंने दावा किया कि विशेष न्यायाधीश ने प्रासंगिक तथ्यों पर विचार नहीं किया। उन्होंने तर्क दिया कि ईडी को अपना मामला रखने के लिए पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया। केजरीवाल का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और विक्रम चौधरी ने ईडी का पुरजोर विरोध किया। सिंघवी ने कहा कि ईडी ने ट्रायल जज के समक्ष पौने चार घंटे बहस की। राजू ने दलील दी कि ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए जो निष्कर्ष दिए हैं, वे हाईकोर्ट के निष्कर्षों के विपरीत हैं।

सीएम के साथ आतंकियों जैसा बर्ताव : सुनीता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी आप के राष्ट्रीय संयोजक के साथ ऐसा बर्ताव कर रही है जैसे वह देश के 'सबसे वांछित आतंकवादी' हों। सुनीता ने कहा कि देश में तानाशाही की सभी हदें पार हो चुकी हैं।

# प्रियंका गांधी बोलीं- भाजपा राज में 'पेपर लीक' राष्ट्रीय समस्या बनी



नयी दिल्ली, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के शासन में 'पेपर लीक' होना राष्ट्रीय समस्या बन गया है और सत्तारूढ़ पार्टी का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है।

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''देश में पिछले 5 सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है जिसने अब तक करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।'

उन्होंने कहा, ''भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। सबसे ज्यादा युवा आबादी हमारे पास है। भाजपा की सरकार हमारे इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है।'

देश में पिछले 5 सालों में 43 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है जिसने अब तक करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। सबसे ज्यादा युवा आबादी हमारे पास है। भाजपा की सरकार हमारे इन3

कांग्रेस नेता ने कहा, ''करोड़ों होनहार छात्र दिन-रात मेहनत से पढ़ाई करते हैं, अलग-अलग परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, माता-पिता, तन-पेट काटकर पढ़ाई का बोझ उठाते हैं। बच्चे सालों तक रिक्तियां आने का इंतजार करते हैं। भर्ती आती है तो फॉर्म भरने का खर्चा, परीक्षा देने जाने का खर्चा, और अंत में सारा प्रयत्न भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है।' प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा का भ्रष्टाचार देश को कमजोर कर रहा है।

# विधानसभा चुनाव में कम सीट पर समझौता नहीं करेगी शरद पवार की पार्टी



पुणे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में पार्टी महा विकास आघाडी (एमवीए) सहयोगियों की तुलना में कम सीट पर चुनाव लड़ने पर राजी हो गई थी, लेकिन विधानसभा चुनाव में ऐसा नहीं होगा।

पार्टी के एक नेता ने राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार को उद्धृत करते हुए यह बात कही। पवार ने शुक्रवार को पुणे शहर और जिले के पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की और इसके बाद विधायकों और नवनिर्वाचित सांसदों के साथ भी एक बैठक की थी। राकांपा (शरदचंद्र पवार) पुणे इकाई के प्रमुख प्रशांत जगताप पहली बैठक में शामिल हुए थे। जगताप ने बताया कि बैठक में पवार ने सदस्यों से कहा कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव में कम सीटों पर चुनाव सिर्फ इसलिए लड़ा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि शिवसेना और कांग्रेस के साथ गठबंधन बरकरार रहे।

जगताप ने कहा,'' उन्होंने संकेत दिए हैं कि विधानसभा चुनाव में स्थिति अलग होगी।' उन्होंने बताया कि राकांपा (शरद पवार) प्रमुख ने पुणे, बारामती, मावल और शिरूर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में स्थिति की भी समीक्षा की।

दूसरी बैठक में शामिल हुए पार्टी के एक अन्य नेता ने बताया कि पवार ने सांसदों और विधायकों से विधानसभा चुनावों के लिए तैयार रहने को कहा।

इस बीच, पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह सीट बंटवारे के दौरान कितनी सीटें मांगेगी।

# योग बना वैश्विक भलाई का शक्तिशाली माध्यमः मोदी



श्रीनगर, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दुनिया आज योग को वैश्विक भलाई के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में देखती है। प्रधानमंत्री ने 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यहां शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) में आयोजित मुख्य समारोह में यह बात कही। मोदी ने कहा, 'जब हमारा चित्त शांत रहता है तब हम दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते है । योग समाज में सकारात्मक बदलाव के नए तरीके बना रहा है।' मोदी ने कहा, 'मैं जहां भी जाता हूं, शायद ही कोई नेता (अंतर्राष्ट्रीय) होता है जो योग के फायदों के बारे में मुझसे बात नहीं करता है।' मोदी ने कहा, 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 10 वर्ष की ऐतिहासिक यात्रा पूरी कर चुका है।

अन्य देशों के कार्यालय भी बने गवाह

नयी दिल्लीः ब्रिटेन उच्चायोग, अमेरिका तथा इस्राइल के दूतावास भी योग दिवस समारोह में शामिल हुए। ब्रिटेन के उच्चायोग ने योग करते अपने कुछ सदस्यों की तस्वीरें 'एक्स' पर साझा कीं। अमेरिकी और इस्राइली दूतावास ने योग दिवस पर एक-एक वीडियो साझा किये।

मानवता के लिए भारत का अनूठा उपहार : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि योग मानवता के लिए भारत का अनूठा उपहार है। मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में योग भी किया। उन्होंने योग करते हुए अपनी तस्वीरें भी 'एक्स' पर साझा कीं। उन्होंने कहा, 'योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण का एक तरीका है।'

एक नजर..

## भारतीय किसान यूनियन मेरठ के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने एमडी पश्चिमांचल कार्यालय के घेराव



युरेशिया संवाददाता

भारतीय किसान यूनियन मेरठ के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने एमडी पश्चिमांचल कार्यालय के घेराव महपांच्यात की तैयारी रणनीति को लेकर तहसील मवाना के ब्लॉक मवाना और किला मेरठ तहसील के ब्लॉक राजपुरा के जिम्मेदार पदाधिकारियों के साथ समीक्षा पंचायत करते हुए उन्हें पंचायत की तैयारी में जुट जाने का आव्हान किया इस दौरान तीनों ब्लॉक के पदाधिकारी मौजूद रहे जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया की बिजली समस्याओं लोड बढ़ाने, अवैध छापेमारी, जर्जर तारों , एवम अन्य किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू एक विशाल महपांच्यात्त का आयोजन करेगी जिसमे किसानों की तहसील, बिजली, सिंचाई, गन्ना मूल्य एवम भुगतान की मुख्य समस्या प्रमुखता से उठाया जायेगी समस्याओं का निस्तारण न होने की स्थिति में भाकियू कड़े निर्णय भी पंचायत में लेगी पंचायत को लेकर तैयारी पदाधिकारियों ने अपने स्तर से शुरू कर दी हे इसे लेकर जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर समीक्षा पंचायत शुरू कर दी और सभी पदाधिकारियों से पंचायत की तैयारी में जुट जाने का का आवाहन किया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, मदनपाल यादव, नरेश मवाना, युवा जिलाध्यक्ष अनूप यादव , सत्येंद्र तालियान, भूषण, सुनील, पुष्पेंद्र, अनुज, हर्ष चहल, प्रिंस चौधरी , विनेश, देवेंद्र , देवेंद्र, सोरभ, वीर सिंह, इंद्रपाल मलिक, अमित कुंडू, हर्षवर्धन, लीलू, राजकुमार, रविंद्र , विनय, विपुल, आदि मौजूद रहे।

## बागपत पुलिस लाईन में मनाया गया दसवां अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव



विपुल जैन /युरेशिया

बागपत। बागपत पुलिस लाईन में दसवां अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव आयोजित किया गया। इस आयोजन में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिवारों ने भाग लिया। संस्कृत महाविद्यालय बरनावा के प्राचार्य अरविन्द शास्त्री ने पवित्र ओम् ध्वनि व भजन गायन के साथ सत्र की शुरुआत की। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के प्रोटोकॉल के अनुसार यौगिक क्रियाओं का वरिष्ठ योग प्रशिक्षक प्रदीप कुमार गठीना ने निर्देशन किया व वरिष्ठ योग प्रशिक्षक तिलकराम व विनीत चौहान ने संयुक्त रूप से सभी यौगिक क्रियाओं का अभ्यास कराया। उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व उनके परिवारजनों को प्रशिक्षकों ने विभिन्न यौगिक क्रियाओं जैसे- ग्रीवा संचालन,स्कन्ध संचालन, ताड़ासन,वृक्षासन, पादहस्तासन,वज्रासन,

शशकासन,भुजंगासन, सेतुबन्धासन, उष्ट्रासन,भद्रासन,वज्रासन, वक्रासन,शलभासन,त्रिकोणासन, अर्द्धहलासन,नौकासन,पवनमुक्तासन,शवासन आदि आसन तथा प्राणायाम व श्वसन क्रिया में कपालभाँति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर प्रज्ञा योग-केन्द्र के बालकों ने संगीतमय कठिन योग-आसनों का प्रदर्शन किया। साथ ही योग-प्रशिक्षक सुशील त्यागी के निर्देशन में लक्ष्य पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने कठिन क्रियाओं का प्रदर्शन किया। विनीत चौहान के पुत्र व पुत्री- प्रणव चौहान व देवांशी चौहान ने मंच पर सूर्यनमस्कार,सुप्तवज्रासन, हलासन जैसी कठिन यौगिक क्रियाओं को किया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक विनीत चौहान ने योग-सत्र समापन पूर्व योग-दिवस की शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहां कि पुलिस वालों की ड्यूटी कठिन होती है,जिस कारण वे और उनके परिवार मानसिक कष्ट सहन करते हैं , अतएव उन्हें व उनके परिवारों को नियमित योग करना चाहिए ताकि वे शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहें।चूंकि योग शारीरिक रूप से सशक्त बनाता है साथ ही मानसिक संतुलन प्रदान करता हैं। अरविन्द शास्त्री जी ने योग के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग मानसिक शांति प्रदान करता हैं। उन्होंने प्रवृति व निवृति विषय को समझाते हुए कहा कि प्रवृति जहां केवल सुख प्रदान करती है वही निवृति सुख और शांति दोनों प्रदान करती है। श्री शास्त्री जी ने शांति पाठ के साथ सत्र का समापन कराया।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजवर्गीय ने प्राचार्य श्री अरविन्द शास्त्री,योग प्रशिक्षक- श्री तिलकराम वशिष्ठ, विनीत चौहान व प्रदीप कुमार को शॉल ओढाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आज के कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, वामा सारथी अध्यक्षा संपदा विजवर्गीय,अपर पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन राधे-श्याम यादव,क्षेत्राधिकारी लाईन प्रीता सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी सहित उनके परिवार उपस्थित रहें।

## सोहन वेद ट्रस्ट अजराडा मंडिया में बच्चों ने किया योगासन

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। दसवें इंटरनेशनल योगा दिवस पर सोहन वेद ट्रस्ट अजराडा मंडिया में सभी बच्चों ने भिन्न-भिन्न प्रकार के योगाचार्य श्री निरंजन सिंह जी की देखरेख में योगासन किए, जैसे सूर्य नमस्कार ताड़ासन वज्रासन आदि सोहन वेदर ट्रस्ट के मलिक सोहन वैद्य जी ने अमेरिका से लाइव होकर बच्चों को योग के विषय में संदेश दिया। उन्होंने कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ दिमाग निवास करता है और स्वस्थ दिमाग में स्वस्थ विचार और व्यक्ति को हमेशा अपने विचारों को पवित्र रखना चाहिए अगर आप प्रत्येक दिन 10 मिनट योग करते हैं, तो हमारा जीवन हमेशा स्वस्थ और पवित्र होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व किठौर विधायक प्रदीप त्यागी ने फीता काटकर किया। विष्णु अवतार रुहेला ( अखिल विद्या समिति) ने पुरस्कार पत्र वितरण किये। ग्लोबल के प्रधानाचार्य डॉ विपिन पोसवाल ने आशिर्वाद शब्द कहे। कार्यक्रम में सभी ग्रामवासी व महकार सिंह, विजयपाल शास्त्री, संत सिंह, सुंदर सिंह सैनी, प्रिती चौधरी, उत्सव भारद्वाज, कोमल, काजल,आयशा चौधरी, जैद, राहुल ठाकुर विशाल आयुष, शगुन गुप्ता आदि शामिल रहे।

# 1जुलाई से 31 जुलाई तक जनपद में चलाया जाएगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

### 11 से 31 जुलाई तक चलाया जायेगा दस्तक अभियान
### जारी है संचारी रोगों से जंग
### संचारी रोगों पर हो सीधा बार ,नगर व ग्राम पंचायतों में चलाया जाए संचारी अभियान
### जिलाधिकारी ने निर्देशन दिये विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का माइक्रो प्लान सभी विभाग 27जून तक स्वास्थ्य विभाग में दें
### संबंधित विभागीय अधिकारी गण इस अभियान को सफल बनाने के संबंध में अपनी कार्ययोजना के अंतर्गत करें कार्य
### संचारी रोग नियंत्रण अभियान अवधि में साप्ताहिक समीक्षा बैठक भी जिलाधिकारी द्वारा की जाएगी



युरेशिया संवाददाता

बागपत । उत्तर प्रदेश सरकार नागरिकों को मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कर रही हैं। इस क्रम में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभाग के अधिकारियों के साथ संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यबाही के संबंध में बैठक की उन्होंने संबंधित को आबश्यक निर्देश दिए ।

उन्होंने कहा 1 जुलाई से 31 जुलाई 2024 तक जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित होने जा रहा है। तथा संचारी के अंतर्गत 11 से 31 जुलाई 2024 तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा जिसमें आशा घर घर जाकर दस्तक देंगे और संचारी के प्रति जागरूक करेंगी ,इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने एवं गांव गांव शहर शहर के मौहल्लों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करते हुए मच्छर जनित बीमारियों से नागरिकों को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ गहन मंथन करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस कार्यक्रम से जिन विभागों को जोड़ा गया है सभी संबंधित विभागीय अधिकारी गण अपनी अपनी कार्ययोजना 27 जून2024 तक जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय में जमा कर दे ओर कार्ययोजना के अंतर्गत कार्य करें और अभियान को सफल बनाएं ।जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग को निर्देशित किया की कुपोषित बच्चों की पहचान एवं उपचार हेतु कार्यवाही की जाए आशा एवं एएनएम कार्य कार्यकत्रियों के सहयोग से अपने क्षेत्र में संवेदीकरण हो स्टाफडायरिया कैंपेन के अंतर्गत अतिरिक्त गतिविधि भी की जाएं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक स्कूलों के लिए ओआरएस के पैकेट अवश्य पहुंचवाएं जिससे उनका वितरण हो स्वच्छता के प्रति स्कूलों में बच्चों को जागरूक किया जाए ।1 जुलाई को सभी सरकारी कार्यालय में स्वच्छता की शपथ दिलाई जाए।जिलाधिकारी ने फूड सेफ्टी एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन विभाग को निर्देशित किया की खाद एवं पेय पदार्थ की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा अधो मानक खाद्य पदार्थ विशेष कर खुले एवं खाद्य पदार्थ जैसे बेकार सड़े हुए फल सब्जी इत्यादि पर अभियान चलाया जाए जिससे कि इनकी बिक्री को रोका जा सके असुरक्षित तरीके से तैयार किया जा रहे ताजा फलों गन्ने के जूस इत्यादि पर भी नियंत्रित करने के निर्देश दिए। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान में स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, सूचना विभाग, दिव्यांगजन विभाग आदि विभाग के अधिकारियों को इस कार्यक्रम से मुख्य रूप से जोड़ा गया है। सभी अधिकारी गण संचालित होने वाले अभियान में अपने-अपने विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हुए जनपद वासियों को मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित बनाने की विशेष कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत विभाग के द्वारा इस दौरान विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करते हुए गली-गली एवं मौहल्लों में नालियों की विशेष सफाई पर फोकस किया जाए तथा जल भराव पर अंकुश लगाते हुए निरंतर स्तर पर फागिंग एवं एंटी लारवा का छिड़काव ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में सुनिश्चित किया जाए ।

जिलाधिकारी ने कहा संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा 5, 12, 19 व 25 जुलाई को भी की जाएगी उन्होंने कहा की साप्ताहिक अभियान की रिपोर्ट देखी जाएगी की अभियान से कितना लाभ आम जनमानस को प्राप्त हो रहा है। बैठक में अधिशासी अधिकारी खेकड़ा ना आने पर जिलाधिकारी ने उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आशा एवं एएनएम की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है, विभागीय अधिकारियों के द्वारा इस कार्यक्रम से इन्हें सक्रियता के साथ जोड़ते हुए विशेष अभियान को सफल बनाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। पंचायती राज विभाग के अधिकारी गण पूरे जनपद में स्वच्छता का विशेष प्लान तैयार करते हुए उसे अंतिम रूप प्रदान किया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित किया जा सके। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर इसके संबंध में प्रचार प्रसार करने की दिशा में भी अधिकारियों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएं ताकि सभी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता पर विशेष फोकस हो सके और सभी ग्रामीण वासियों को मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित बनाया जा सके इस कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए सभी विभागों की सक्रियता जरूरी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महावीर कुमार ,जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सक्सेना, डिप्टी सीएमओ डॉक्टर यशवीर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ,डॉक्टर विभास राजपूत, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव सहायक खाद्य आयुक्त मानवेंद्र सिंह खंड विकास अधिकारी बड़ौत ,बागपत, पिलाना, छपरोली, बिनौली सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# अवैध कब्जा कर भवन निर्माण करने पर चला बाबा का बुलडोजर

### चेतावनी ऋ यदि पुनः अवैध निर्माण का प्रयास किया गया तो आरोपी के विरुद्ध की जाएगी सख्त कार्रवाई



युरेशिया संवाददाता

चरथावलः ग्रामीणों की शिकायत पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करके भवन निर्माण करने पर, जिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व टीम व पुलिस बल के साथ पहुंचे नायाब तहसीलदार द्वारा निर्माणाधीन भवन को बुलडोजर से बिस्मार कराया गया।वही चेतावनी दी गयी यदि पुनः अवैध निर्माण का प्रयास किया गया तो आरोपी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। थानाक्षेत्र के गांव न्यामू में ग्रामीण लियाकत ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर सरकारी भूमि खसरा 483 पर गांव निवासी इसराइल द्वारा अवैध कब्जा करके अवैध निर्माण करने की शिकायत की थी।शिकायत का गम्भीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा जांचोपरांत एसडीएम सदर निकिता शर्मा को अविलम्ब सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को हटाकर कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिये गये। शुक्रवार को नायब तहसीलदार हरेन्द्र पाल सिंह राजस्व टीम एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से अवैध निर्माण को बुलडोजर से गिराकर सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। नायब तहसीलदार हरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि ग्राम न्यामू में खसरा नम्बर 483का रकबा 228 वर्ग मीटर है। सरकारी भूमि पर खाद के गड्ढे है।आरोपी ने इस भूमि पर कब्जा करके अवैध निर्माण कर लिया था। उच्चाधिकारियों के आदेश पर अवैध निर्माण को गिराकर कब्जा मुक्त करा दिया गया ।मौके पर कानूनगो अनिल कुमार, लेखपाल मनीष कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

# स्वस्थ जीवन के लिए योग जरूरी- कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल

### सुभारती विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
### योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा से हर रोग का उपचार सम्भव - डॉ.अभय शंकरगौड़ा



युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। योग दिवस के कार्यक्रम को महर्षि अरबिन्दों सुभारती कॉलिज एण्ड हॉस्पिटल ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड योगिक साइंसेज के द्वारा विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी, एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ, के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के सभी संकाय व विभाग में योग दिवस पर उत्साह देखने को मिला। प्रातः 06:30 बजे योगा हॉल में विश्वविद्यालय के एनएसएस के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स के साथ विद्यार्थियों, शिक्षकों व समस्त कर्मचारियों ने इस वर्ष की योग दिवस की थीम श्स्वयं और समाज के लिए योगश् के साथ योग किया। सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल ने 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन-मन के लिए योग जरूरी है। कुलपति ने कहा कि योग से हमें शारीरिक व मानसिक एकाग्रता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषियों द्वारा किये गये हजारों वर्ष के परिश्रम को भारत सरकार के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मानव कल्याण हेतु योग को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाई है। उन्होंने छात्र-छात्राओं और विश्वविद्यालय के शिक्षकों को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया। सुभारती विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की पहचान है और पूरे विश्व को स्वास्थ्य की अनमोल देन है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में उत्तम स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और योग से हमें मानसिक व शारीरिक लाभ मिलता है। इसलिए सभी को नियमित योग करना चाहिए। महर्षि अरविंदो सुभारती कॉलिज एंड हॉस्पिटल ऑफनेचुरोपैथी एंड यौगिक साइंसेज के प्राचार्य डॉ. अभय शंकरगौड़ा ने कहा कि योग से तनाव अनिंद्रा, हृदय एवं विभिन्न प्रकार की बीमारियों को रोकथाम करके स्वस्थ जीवन जीने की कला आती है। उन्होंने कहा कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा आज के समय में सबसे ज्यादा विश्वसनीय एवं लाभकारी है। योग के माध्यम से बड़ी से बड़ी गंभीर बीमारियों का इलाज किया जा सकता है तथा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में छात्रों के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं भी है। उन्होंने बताया कि सुभारती विश्वविद्यालय में योग माह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 10 जून से अब तक लगभग पांच हजार लोग योग से लाभान्वित हो चुके है। योगा कॉलेज के द्वारा एमबीबीएस व नर्सिंग के विद्यार्थियों हेतु योगा व ध्यान सत्र आयोजित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न कॉलेज व बाहर के स्कूल में सुभारती योगा कॉलेज के विशेषज्ञों ने योग कराया। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष और एनसीसी प्रभारी डॉ. संदीप कुमार ने विद्यार्थियो को योग के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि मानसिक तनाव को योग साधना से दूर किया जा सकता है। योग से तन और मन दोनों स्वस्थ होते है, इसके लिए विद्यार्थियों को नियमित योग करना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस) प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के पोस्टर की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। डॉ. नीरज नयन ऋषि, सहायक प्रोफेसर, वीएनवाईएस ने योग शिक्षक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर कुलसचिव एम. याकूब, यौगिक साइंसेज के प्राचार्य डॉ. अभय शंकरगौड़ा, एनसीसी प्रभारी डॉ. संदीप कुमार, एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.एससी थलेडी, डॉ पंकज, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी शिवानी भदौरिया, रामप्रकाश तिवारी, डॉ. नेहा सिंह, डॉ.उमेश कुमार, डॉ. अभिजीत के.बी. आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, एनएसएस स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स समेत शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भाकियू ने एमडी पश्चिमांचल कार्यालय के घेराव व महापंचायत की तैयारियों को लेकर की बैठक

युरेशिया संवाददाता



मेरठ।भारतीय किसान यूनियन मेरठ के जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने एमडी पश्चिमांचल कार्यालय के घेराव व महापंचायत की तैयारी रणनीति को लेकर तहसील मवाना के ब्लॉक मवाना और किला मेरठ तहसील के ब्लॉक राजपुरा के जिम्मेदार पदाधिकारियों के साथ समीक्षा पंचायत करते हुए उनसे पंचायत की तैयारीयों में जुट जाने का आव्हान किया। इस दौरान तीनों ब्लॉक के पदाधिकारी मौजूद रहे जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया की बिजली समस्याओं जैसे कि लोड बढ़ाने, अवैध छापेमारी, जर्जर तारों , एव किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर भाकियू एक विशाल महापंचायत का आयोजन करेगी। जिसमें किसानों की तहसील, बिजली, सिंचाई, गन्ना मूल्य एव भुगतान की मुख्य समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि समस्याओं का निस्तारण न होने की स्थिति में भाकियू कड़े निर्णय भी पंचायत में लेगी पंचायत को लेकर तैयारी पदाधिकारियों ने अपने स्तर से शुरू कर दी है, इसे लेकर जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर समीक्षा पंचायत शुरू कर दी और सभी पदाधिकारियों से पंचायत की तैयारी में जुट जाने का का आवाहन किया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, मदनपाल यादव, नरेश मवाना, युवा जिलाध्यक्ष अनूप यादव , सत्येंद्र तालियान, भूषण, सुनील, पुष्पेंद्र, अनुज, हर्ष चहल, प्रिंस चौधरी , विनेश, देवेंद्र , देवेंद्र, सोरभ, वीर सिंह, इंद्रपाल मलिक, अमित कुंडू, हर्षवर्धन, लीलू, राजकुमार, रविंद्र , विनय, विपुल आदि मौजूद रहे।

## मंत्री धर्मपाल सिंह के द्वारा किया गया दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ

युरेशिया संवाददाता




मेरठ । दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन के द्वारा कैलाश प्रकाश स्पोटर्स स्टेडियम के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कैलाश प्रकाश स्पोटर्स स्टेडियम मेरठ में मुख्य अतिथि मंत्री धर्मपाल सिंह, पशुधन, दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 3000 योगाभ्यासियों को योग प्रोटोकॉल के अनुसार आर्ट ऑफलिविंग की साध्वी कंनकेश्वरी ( आर्ट ऑफलिविंग आश्रम बैंगलोर), योग टीचर श्री सिद्धांत धूपर, कावेरी बंगा जी, योगाचार्य मोनबीर के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमति रश्मि अहलावत जिला कोडिनेटर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये सभी जनप्रतिनिधियों एवं जनमानस ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की मुख्य थीम योग-स्वयम् एवं समाज के लिए को सफल बनाने के लिए जनपद मेरठ के आयुष विभाग (आयुर्वेदध्यूनानीध्होम्योपैथ) के सभी चिकित्साधिकारीध्कर्मचारीध्योग प्रशिक्षकध्सहायक तथा जिले के अन्य विभागो व जनमानस द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर विजय पाल सिंह तोमर सांसद राज्यसभा, अमित अग्रवाल विधायक मेरठ केन्ट, श्रीमती कान्ता कर्दम सांसद राज्यसभा, श्रीमती सरोजनी अग्रवाल सदस्य विधान परिषद, नरेन्द्र भूषण, प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उ0प्र0 शासन नोडल अधिकारी जिलाधिकारी दीपक मीणा, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल सहित अन्य जनपदीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सेशन हाउस पर किया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



युरेशिया संवाददाता

मेरठ।अपर जिला न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,उदयवीर सिंह ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 21 जून 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सेशन हाउस पर किया गया। जिसमें कि अन्तर्राष्ट्रीय ख्याती प्राप्त स्वामी कर्मवीर जी महाराज द्वारा न्यायिक अधिकारीगण को योगासन व प्रणायाम के महत्व के बारे में अवगत कराया गया और साथ ही सभी न्यायिक अधिकारीगण को योगासन एवं प्रणायाम भी कराया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय कुमार यादव, पीठासीन अधिकारी भूमि अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन प्राधिकरण, मेरठ द्वारा की गयी तथा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यकम में सुनील कुमार, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना अधिकरण (दक्षिण), एस0एन0 उपाध्याय पीठासीन अधिकारी वाणिज्यिक न्यायालय संख्या-01, वेदप्रकाश वर्मा, पीठासीन अधिकारी वाणिज्यिक न्यायालय संख्या-01, अचल नारायण सकलानी, ब्रजेण मणि त्रिपाठी, रमेश, पवन कुमार शुक्ला, चन्दशेखर मिश्रा, राकेश सिहं-द्वितीय, श्रीमती अर्पणा पाण्डेय, प्रहलाद सिंह, उदयवीर सिंह, ओमप्रकाश-नवम्, राजमंगल सिंह यादव, धीरेन्द्र सिंह, श्रीमती संगीता, श्रीमती कल्पना चौहान, सुश्री आंकाशा मिश्रा, अनुज कुमार ठाकुर, योगेश जैन, आशुतोष प्रशान्त शुक्ला, शिवेन्द्र शर्मा, सुश्री ज्योति शर्मा तथा अंकित आदि न्यायिक अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग कर योगासन एवं प्रणायाम किया गया। योग गुरू श्री कर्मवीर जी महाराज द्वारा योग एवं प्रणायाम का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम का संचालन ऋषिपाल सिंह योगाचार्य द्वारा गया। जिला कारागार मेरठ में बन्दीयों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग एवं प्रणायाम किया गया।

## आयुक्त कार्यालय परिसर में किया गया योगाभ्यास

युरेशिया संवाददाता



मेरठ।दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आयुक्त कार्यालय परिसर में अपर आयुक्त शमशाद हुसैन, अपर आयुक्त हिमांशु गौतम संयुक्त विकास आयुक्त बलिराम सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया।

## एक नजर..

### बीमारियों से बचाना है तो नियमित योग करें अधिशासी अधिकारी वीरज कुमार त्रिपाठी

**धर्मपाल सैनी /युरेशिया**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग सत्र का आयोजन किया गया । रटौल। नगर पंचायत रटौल में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक योग सत्र का आयोजन किया गया। योग सत्र नगर पंचायत अध्यक्ष जुनैद फरीदी व अधिशासी अधिकारी विराज कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ईओ वीरज कुमार त्रिपाठी ने योग सत्र में योग के महत्व और लाभ बताएं। उन्होंने योग का अर्थ ईश्वर से खुद को जोड़ना बताते हुए ध्यान पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कोई भी ध्यान के माध्यम से स्वयं की शुद्धिकरण सकता है। उन्होंने बताया कि हमारे शरीर में ऊर्जा दो दिशाओं में गतिशील हो सकती है। अगर ऊपर की तरफहोती है तो हम सफलता के शिखर पर पहुंच जातेहैं। और अगर नीचे की तरफगतिशील होती है तो निष्ठा की पराकाष्ठा प्राप्त करते हैं। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष जुनैद फरीदी ने योग दिवस में आने वाले सभी का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि आप सभी की उपस्थिति नगर पंचायत रटौल परिवार के लिए गौरवान्वित करने वाली है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहने चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर वासियों को योग को अपने जीवन का हिस्सा बताते हुए कहा है की योग करना सभी के लिए बहुत जरूरी हो गया है क्योंकि नित्य नई-नई बीमारियां जन्म ले रही हैं गंभीर से गंभीर बीमारियों को योग के द्वारा ही रोका जा सकता है इसलिए हम सब खुद योग करें और अपने परिवार में आसपास के सभी लोगों को भी योग करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का योग पर विशेष फोकस है। इसलिए सभी लोग योग को अपने जीवन का हिस्सा बनकर स्वस्थ रह सकते हैं बताया कि प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर महबूब अली, सचिन कुमार, एवं समस्त सभासद गण, व पाठशाला नंबर 1 के हेड मास्टर अरविंद चौहान, तथा नगर पंचायत के सभी कर्मचारीगण एवं नगर वासियों ने योग दिवस में बढ़-कर कर हिस्सा लिया।

### विनयपुर के जगंल से दो ट्रांसफार्मर से हजारो का समान चोरी

**धर्मपाल सैनी /युरेशिया**



विनयपुर गांव में अलग अलग स्थानों से अज्ञात चोर दो नलकूपों से दो ट्रांसफार्मर उतार उसमे से हजारो का समान चोरी कर ले गये जिससे किसानो में आक्रोश बना हुआ है।विनयपुर निवासी इंद्र पुत्र मुंशी व नरेन्द्र पुत्र शिवचरण की टयूबवेलो के पास ट्रांसफार्मर लगे है पीड़ित किसानो ने बताया की रात्रि किसी समय अज्ञात चोर जगंल में पहुचें और ट्रांसफार्मर उतार उसमे से हजारो का समान चोरी कर ले गये सुबह जब किसान खेतो पर पहुंचे तो उन्हें खेतो में ट्रांसफार्मर का बिखरा हुआ समान मिला और ट्रांसफार्मर खम्बें से उतरे मिले ट्रांसफार्मर के अन्दर का समान चोरी हुआ मिला जब यह बात भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के जिला अध्यक्ष मनोज प्रधान को पता चली तो वह भी मौकें पर पहुंच गये जहा किसानो ने बताया की दो सप्ताह पहले रटौल के जगंल मे भी नलकूपों मे चोरी हुई थी इसके ढिकोली के जगंल मे लगातार चोरो का आतंक बना हुआ है लेकिन आज तक किसी घटना का खुलासा नही हुआ है भारतीय किसान यूनियन( अम्बावता) के जिला अध्यक्ष मनोज प्रधान ने बढ़ती घटनाओं पर आक्रोश जताया है और एसपी बागपत से मिल शिकायत करने की बात कही है।

### राधा की आखें की गयी दान मरने के बाद भी दुनिया देखेगी राधा

**धर्मपाल सैनी /युरेशिया**

रटौल ढिकोली मार्ग पर बाईको की टक्कर में महिला की मौत हो गयी थी परिजनो ने उसकी आखों को दान कर दिया जिससे उसकी आखें मरने बाद भी दुनिया देख पायेगी।लहचौड़ा निवासी सोनू अपनी पत्नी राधा के साथ बुधवार को अपनी पत्नी राधा के साथ मोदीनगर बाईक द्वारा दवाई लेने जा रहा था तभी रटौल ढिकोली मार्ग पर खैला मोड़ के पास तीन बाईक सवार युवकों ने उन्हे टक्कर मार दी थी जिसमे दोनो घायल हो गये थे जहा राधा ने उपचार के दौरान दम तौड़ दिया था परिजनो ने दिल्ली के तेग बहादुर अस्पताल में ही उनकी आखें दान कर दी थी जिससे वह मरने के बाद भी दुनिया देख सकेगी।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में मनाया दशम विश्व योग दिवस


**धर्मपाल सैनी /युरेशिया**



सरफाबाद के जवाहर नवोदय विधालय में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें योग प्रधानाचार्य डाक्टर दुष्यंत कुमार ने साधकों द्वारा विभिन्न यौगिक क्रियाओं को कराया गया वही खटटा प्रहलादपुर के सेठ तारीफसिंह जैन डिग्री कालिज व खैला के तेजस इस्टीयूट आफएजूकेशन मे भी योग शिविर का आयोजन किया गया चांदीनगर क्षैंत्र के सरफाबाद के जवाहर नवोदय विधालय मे योग शिविर मे बोलते हुए प्रधानाचार्य डाक्टर दुष्यंत कुमार ने कहा की पूरे भारतवर्ष में योग का आयोजन हो रहा है। ग्लेशियर पर भी योग अभ्यास करते हुए हमारे सैनिकों के चित्र है। समझाना पड़ेगा कि एयर कंडीशनर में रहकर हमारे कार्य की अवधि तो बनी हैं, लेकिन कार्य क्षमता घटी है। उसे कार्य क्षमता को मजबूत करने के लिए एक मात्र माध्यम योग है। इसके अलावा खैला के तेजस इंस्टीट्यूट आफएजूकेशन एण्ड़ ट्रेनिंग महाविधालय और खटटा प्रहलादपुर के सेठ तारीफ सिंह जैन डिग्री कालिज में भी योग शिविर का आयोजन किया गया।

### जिला गंगा समिति द्वारा गंग नहर घाट दौराला पुल सरधना पर किया गया योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन

**युरेशिया संवाददाता**



मेरठ। दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला गंगा समिति मेरठ द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन गंग नहर घाट दौराला पुल सरधना पर किया गया। योगाभ्यास आसनों में ताड़सन, कटी चक्रसन, उस्ट्रासन, वजरासन, मकारासन, भ्रमरी, अनुलोम विलोम आदि योग प्रशिक्षकों द्वारा कराया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में विशेष रूप से 'महिला सशक्तिकरण के साथ योग' थीम पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला परियोजना अधिकारी (नमामि गंगे) मेरठ तुषार गुप्ता द्वारा किया गया उन्होंने जिला गंगा समिति द्वारा किए जाने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम की रूपरेखा से सबको अवगत कराया।मुख्य अतिथि गौरव चौधरी द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया तथा डीएफ्ओ मेरठ द्वारा सभी से इसी प्रकार नदियों एवं अन्य जल स्रोतों के समीप योग करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम में डॉ नीरा तोमर प्रधानाचार्य मल्लू सिंह इंटर कॉलेज दौराला के नेतृत्व में छात्राओं ने योग किया। अंत में सभी को गंगा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में वन विभाग के रेंज कार्यालय सरधना के अधिकारी एवं कर्मचारी, शहजादा, राशिद, गंगा ग्राम नीमका से अनुज कुमार, समाजसेवक अंकित गोयल, यथार्थ के सारथी से जूही त्यागी आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डीएफ्ओ मेरठ राजेश कुमार, उपजिलाधिकारी सरधना पंकज सिंह राठौड़, स्थानीय प्रधान, जिला पंचायत सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## नेटवर्क व ग्राम सेवा संगठन के नेतृत्व में क्षेत्र के गाँव कुर्डी नागंल स्थति जन विजय इण्टर कॉलेज के प्रांगन में व विशेष सहयोग से आयोजित

**युरेशिया संवाददाता**



छपरौली: अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था आँखें मीडिया सोशल नेटवर्क व ग्राम सेवा संगठन के नेतृत्व में क्षेत्र के गाँव कुर्डी नागंल स्थति जन विजय इण्टर कॉलेज के प्रांगन में व विशेष सहयोग से आयोजित हुआ योग शिविर। संस्था के प्रेरणा स्रोत समाजसेवी आर0आर0डी0 उपाध्याय ने कहा योग हमारे शरीर के लिए ही नहीं बल्कि हमारे व्यक्तित्व के भी महत्वपूर्ण है। योग ईश्वर प्राप्ति का साधन भी माना जाता है। योग भारतीय संस्कृति और सनातन की पहचान है। प्रधानाचार्य कुशलवीर सिंह ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आँखें व ग्राम सेवा संगठन द्वारा संसकृति व संस्कारों को पोषित के पवित्र अभियान की प्रशंसा करते हुये कहा संस्कारों के बिना व्यक्ति पशुओं के सामान है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर रणवीर सिंह सरोहा व संचालन समाज सेवी आर0आर0डी0 उपाध्याय ने किया। बालयोगी ईशान जिन्दल, युवराज सुर्या उपाध्याय एवं वाशु जिन्दल योग शिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से योगेन्द्र कुमार सरोहा, क्ळब् भूपेन्द्र वशिष्ठ, अंकित कुमार, अमित कुमार हुड्डा, सुनील कुमार आर्य, रविकुमार उपाध्याय, डॉक्टर रामकुमार, पुष्पेन्द कुमार सरोहा, अरविन्द उपाध्याय, प्रधान जगपाल, विनय कुमार आर्य, डॉ0 जितेन्द्र कुमार आर्य, ओमबीर मुखिया, मा0 विकास कुमार, सतेन्द्र सरपंच, सुधीर खोखर, प्रदीप कुमार, संजीव कुमार, मनमोहन जिन्दल, नेता जी कवरपाल , चन्दकीराम, उपेन्द्र वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे।

## पंचमुखी मंदिर मे साधको ने किया योगाभ्यास

### 300 से अधिक साधको ने योग कार्यक्रम मे किया प्रतिभाग

**नीलकंठ /युरेशिया**



बड़ौत। नगर के पंचमुखी शिव मंदिर मे दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद जैन तथा संचालन रविंद्र राठी एडवोकेट ने किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बबीता तोमर नगर अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बड़ौत द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम मे प्रमिला एवं सुदेश द्वारा सरस्वती वंदना की गई तत्पश्चात आनंदपाल राणा द्वारा ग्रीवा चालन, नरेंद्र सरोहा द्वारा स्कन्ध चालन,मुकेश दत्त कौशिक द्वारा कटी संचालन तथा विक्रम सिंह द्वारा ताड़ासन एवं अनिल कुमार वर्मा द्वारा वृक्ष आसन तथा जिला प्रधान राजेंद्र प्रसाद जैन द्वारा पादहस्त आसान कराया गया ।रामकुमार सरोहा द्वारा अर्ध चक्रासन, हरि ओम द्वारा त्रिकोणासन ,जयपाल सिंह द्वारा वक्रासन, राजकुमार रुहेला द्वारा उष्ट्रासन ,वीरेंद्र शर्मा एडवोकेट द्वारा शशकासन एवं राजेश उज्जवल द्वारा उत्तानमंडूकासन तथा सहदेव सिंह द्वारा हंसी की क्रियाएं कराई गई तथा जिला मंत्री रविंद्र राठी एडवोकेट द्वारा शलभासन एवं सुदेश द्वारा गत्यात्मक पश्चिमी उत्तानासन का अभ्यास कर गया ।इसी के साथ योग के माध्यम से प्रमिला, सुदेश, बबिता जैन ,ललित ,लता एवं मुकेश द्वारा योग गीत के माध्यम से योग के लिए प्रेरित किया गया ।सुनील शास्त्री द्वारा अनुलोम विलोम एवं आलोक द्वारा कपालभाति तथा जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद जैन द्वारा शीतली प्राणायाम कराते हुए नियमित योग साधना पर विस्तार से चर्चा की गई एवं उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं साधकों का हृदय से अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया गया ।तत्पश्चात प्रसाद वितरण करते हुए प्रमिला द्वारा प्रार्थना एवं शांति पाठ करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया ।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कर्मचारी एवं शिक्षकों को कराया योगाभ्यास

### योग स्वस्थ जीवन का आधाररू डा.अनिल आर्य।

**नीलकंठ /युरेशिया**



बिनौली। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर क्षेत्र के जिवाना गुलियान स्थित गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में योगाचार्य जितेंद्र आर्य ने शिक्षकों व कर्मचरियों को योगासनों के अभ्यास कराए। इस अवसर पर प्रबंधक डा.अनिल आर्य ने कहा की स्वस्थ और सुखी जीवन जीने के लिए योग प्राणायाम जरूरी है। कई असाध्य रोगों का निदान योग के द्वारा किया जा सकता है। आज पूरा विश्व योग विधा को आत्मसात कर रहा है। इस अवसर पर प्रधानचार्य डा.राजीव खोखर, चंद्रवीर सिंह, ललित कुमार, सौरभ जैन गौरव भारद्वाज, सविता सिवाच, सुनीता धामा सोनिका राणा, जयवेंद्र, भोगराज, ओमपालआदि मौजूद रहे। उधर बिनौली के न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल, जय पारस पब्लिक स्कूल, फजलपुर की पर्ल ग्लोबल एकेडमी, तितरोदा के ओमेगा वर्ल्ड सीनियर सेकेंड्री स्कूल, तेडा के आर्य विद्यालय इंटर कालेज, बुढेडा के श्री नेहरू स्मारक इंटर कालेज, बिनौली सीएचसी, थाना परिसर, बरनावा लाक्षागृह आदि जगहों पर भी योग के कार्यक्रम हुए। वहीं जौहडी की व्योवृद्ध निशानेबाज दादी प्रकाशी तोमर ने अपने स्वजन के साथ योग किया।

## जैन मिलन महिला जागृति का स्थापना दिवस मनाया धूमधाम से

**नीलकंठ /युरेशिया**




बड़ौत। नगर के मोहल्ला तीरगारान स्थित रेणुका हॉबी क्लासेस पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जैन मिलन महिला जागृति का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित संयोजिका वीरांगना बिंदु जैन का माला तिलक पटके से बहुमन किया गया तथा पूर्व अध्यक्ष वीरांगना पुष्पा जैन को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे बच्चों ने एक से एक बढ़कर जैन भजन पर अपनी प्रस्तुति दी। सभी की प्रस्तुति बहुत ही सुंदर और सराहनीय थी। इसमें प्रथम स्थान आरोही जैन ने तथा द्वितीय स्थान स्वाति जैन ने प्राप्त किया। स्वस्ति जैन ने प्रयुषण पर भजन पर तथा आरोही ने मोहे चंदनपुर के गांव में बुला ले वीरा भजन पर बहुत ही सुंदर भजन पर अपना नित्य करके दिखाया। साथ ही बालकों में वल्लभजी तारणहार हुए भजन पर अपनी भांगड़ा की प्रस्तुति दी। इसमें इसके अलावा सौम्या जैन, स्वस्ति जैन, अवंती, नामिया, सिद्धि, स्तुति, आव्या जैन ने अपनी सुंदर प्रस्तुति दी। लड़कों में अर्थेश, अर्चित जैन, नित्यम जैन, स्पर्श तथा सक्षम जैन ने सुंदर भंगड़ा प्रस्तुत किया। सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा इस अवसर पर उपस्थित अध्यक्ष शोभा जैन व मंत्री रेणु जैन व संरक्षिका रेणुका जैन ने बताया मिलन के द्वारा लगातार इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। वृक्षारोपण आदि के द्वारा समाज के उत्थान में अपना सहयोग देता रहेगा। इस अवसर पर वीरांगना रजनी जैन, मंजू जैन, पुष्पा जैन, अंजू जैन, शोभा जैन, रेणुका जैन, बिंदु जैन, रिद्धि जैन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सुंदर आयोजन करने के लिए आयोजक रेणुका जैन, खुशी जैन एवं अंशिका जैन का आभार व्यक्त किया गया।

## दिगंबर जैन कॉलेज मे योग दिवस पर सैकड़ो साधको ने किया योग

### भारतीय योग संस्थान और जैन मिलन ने किया योग कार्यक्रम का आयोजन।

**नीलकंठ /युरेशिया**



बड़ौत। भारतीय योग संस्थान शाखा दिगंबर जैन इंटर कॉलेज बड़ौत और जैन मिलन नगर के सौजन्य से, बड़ौत के दिगंबर जैन इंटर कॉलेज बी फील्ड मे 300 से अधिक साधक साधिकाओ ने योग साधना का अभ्यास किया ।

सुबह 5 बजे से ही शिविर मे महिलाओ और बच्चों की भारी उपस्तिथि रही ।शिविर का शुभारम्भ माँ शारदे के चित्र से समक्ष भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक नरेंद्र जैन राजकमल, राजेश भारती,सुमन जैन,सुनील जैन, विनय जैन और भारतीय योग संस्थान के अध्यक्ष अरविंद शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया ।इसके पश्चात योग साधक साधिकाओ द्वारा,शाखा अध्यक्ष अरविंद शर्मा के निर्देशन मे अनुलोम विलोम, कपाल भारती और अन्य यौगिक क्रियाओ का अभ्यास कराया गया। कमलेश जैन द्वारा घुटने के व्यायाम कराये गए। शिविर मे शिक्षिका दीप्ती, मंजू ,राजकुमार रुहेला, वरदान जैन,अनिल अरोरा,शिव प्रकाश, अक्षय जैन,सुरेंद्र जैन, अतुल जैन,अनिल जैन, धनेंद्र जैन, राजेंद्र शर्मा,संध्या, मंजु,पूजा, कमलेश,अर्चना,दीप्ति आदि उपस्थित थे।

## जेवी कॉलेज महाविद्यालय में वृहद योग शिविर का किया गया आयोजन

### शरीर के स्वास्थ्य के लिए योग का करना चाहिए नियमित अभ्यास प्राचार्य डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह।

**नीलकंठ /युरेशिया**



बड़ौत। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शुक्रवार को जनता वैदिक कॉलिज, बडौत (बागपत) में राज्यपाल-उत्तर प्रदेश शासन श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं कुलाधीपति के विषेश आह्वान पर ''अन्तर्राश्ट्रीय योग दिवस'' के उपलक्ष में अधिकतम् संख्या में योग करने के विश्व कीर्तिमान में उत्तर प्रदेष का नाम गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज करवाने हेतु महाविद्यालय में वृहद योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर में महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी सहित एन.एस.एस. इकाई के छात्र-छात्राएं व कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 मालती, डॉ0 मुकेष कुमार आदि तथा एन.सी.सी. के छात्र-छात्राओं एवं अन्य व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। ''अन्तर्राश्ट्रीय योग दिवस'' पर योग शिविर के समापन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रतिवर्ष 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग शरीर के स्वास्थ्य के लिए किसी भी व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व के लिए आवश्यक है, इसको नियमित रूप से जीवन का अंग बनाना चाहिए।और नियमित रूप से इसका अभ्यास करना चाहिए। योग का मानव जीवन में बहुत महत्व है।क्योंकि इसका सम्बन्ध मनुष्य के शरीर और मन को स्वस्थ रखने से संबंधित हैं। योग एक ऐसा व्यायाम है, जो फुर्तीलेपन, शक्ति, और संतुलन में सुधार करता है। वहीं दूसरी ओर महाविद्यालय योग समिति के संयोजक डॉ0 उमेन्द्र कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज, हम यहां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। जिसका भारत में प्राचीन काल से अभ्यास किया जा रहा हैं। योग मानव के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक माना जाता है। भारत से ही योग की शुरुआत मानी जाती है जहां सदियों से ऋषि मुनि अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर योग का अभ्यास करते थे। वहीं परंपरा कालांतर में भारत से शुरू होकर दुनिया के अन्य स्थानों पर शुरू की गई। आपको बता दें की इस दिवस को मनाने की शुरुआत सबसे पहले वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने की थी। वर्ष 2015 से प्रतिवर्श पूरी दुनिया में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग न केवल मानव मन और शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि योग एक ऐसी पद्धति भी है जिसके विभिन्न रूपों से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का अलग-अलग तरीकों से विकास होता है। इस दौरान योग षिविर में प्राचार्य डॉ0 वीरेन्द्र प्रताप सिंह, श्री अनन्त कुमार, डॉ0 अनिल सरोहा, डॉ0 रकम सिंह, डॉ0 प्रमेन्द्र सिंह, डॉ0 मनोज राणा, डॉ0 मनोज कुमार षर्मा, डॉ0 देवेष गुप्ता, डॉ0 मुकेष कुमार, डॉ0 मालती, श्री ब्रजराज सिंह तोमर, कार्यालय अधीक्षक हरीष कुमार, रवित कुमार, गुलवीर सिंह, सोविन्द्र मलिक, श्रीपाल कुमार, संजीव कुमार, नितिन कुमार, दिनेष कुमार, अरविन्द कुमार, वीरेन्द्र राणा, अन्तरिक्ष कुमार, उमानन्द त्यागी, प्रषान्त तोमर, गौतम तोमर आदि सहित प्रतिभाग किया।

## आवासीय वृद्धा आश्रम केडवा में वृद्धजनों ने किया योगासन

**विपुल जैन / युरेशिया**



बागपत। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर आवासीय वृद्धा आश्रम केड़वा में योग शिविर लगाया गया। इस शिविर में वृद्धजनों ने योग के गुर सीखे। साथ ही साथ योग से होने वाले फायदों को जाना।

इस मौके पर आश्रम की अधीक्षिका कमलेश शर्मा तथा प्रभारी जितेंद्र कुमार शर्मा ने

कहा कि योग शरीर व आत्मा की शुद्धि का मुख्य मार्ग है। योग शरीर को स्वस्थ रखने में तो सहायक है ही, साथ ही साथ यह विचारों में भी पवित्रता उत्पन्न करता है। योग के बिना सृष्टि का संचालन भी सम्भव नहीं है। योग भारतवर्ष की वह जीवन शैली है, जिसे अन्तराष्ट्रीय स्तर पर सभी मत मतान्तरों के लोग स्वीकार कर रहे है। सभी को नियमित योग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग के साथ-साथ हमें खान-पान का भी ध्यान रखना चाहिए। खाने में दूध, दही, मट्ठा तथा हरी पत्तेदार सब्जियों का प्रचुर मात्रा में इस्तेमाल करना चाहिए।

## उड़ान यूथ क्लब ने योग जागरूकता को विभिन्न शैक्षिक स्पर्धाओं का किया आयोजन



### उड़ान यूथ क्लब की ऑनलाइन जागरूकता गतिविधियों में सात हजार से अधिक लोगों ने किया प्रतिभाग

**युरेशियासंवाददाता**

बागपत। नेहरू युवा केन्द्र बागपत और विज्ञान प्रसार से सम्बद्ध उड़ान यूथ क्लब ट्यौढी द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जन जागरूकता हेतु ऑनलाइन स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें सात हजार से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। उड़ान यूथ क्लब के अध्यक्ष अमन कुमार ने बताया कि ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में 6638 लोगों ने प्रतिभाग किया जिसमें 2201 लोगों ने पूर्ण अंक प्राप्त कर डिजिटल प्रमाण पत्र पाया। योग दिवस शपथ में 764 लोगों ने ऑनलाइन शपथ ली। उड़ान द्वारा आयोजित ऑनलाइन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में 351 लोगों ने प्रतिभाग किया जिसमें 84 लोगों के स्लोगन को उड़ान यूथ क्लब द्वारा आधिकारिक सोशल मीडिया पर साझा किया गया। स्लोगन लेखन में हिंदी श्रेणी में छवि श्रीवास्तव ने प्रथम, अभिनंदन ने द्वितीय और सविता वैध ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों और विजेताओं को उड़न यूथ क्लब द्वारा डिजिटल प्रमाण पत्र जारी किया गया।

## सर्वोदय संस्कृत आश्रम में युवाओं ने किया योगाभ्यास



**नीलकंठ /युरेशिया**

बागपत। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की इकाई नेहरू युवा केन्द्र बागपत के तत्वाधान में पिलाना विकासखंड के बालैनी गांव स्थित संस्कृत सर्वोदय आश्रम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं को योग कराया गया। युवा स्वयंसेवक ऋषभ ढाका के नेतृत्व में आयोजित हुए योग शिविर में युवाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। आश्रम के प्राचार्य मनोज कुकरेती ने कहा कि योग आज न केवल शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक सुधार का जरिया है बल्कि युवा योग स्पोर्ट्स के क्षेत्र में करियर बना रहे है। ऋषभ ढाका ने योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के महत्व से भी सभी साधको को अवगत कराया।

## कुर्डी नागंल स्थति जन विजय इण्टर कॉलेज के प्रांगन में व विशेष सहयोग से आयोजित



**युरेशिया संवाददाता**

छपरौली : अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था आँखें मीडिया सोशल नेटवर्क व ग्राम सेवा संगठन के नेतृत्व में क्षेत्र के गाँव कुर्डी नागंल स्थति जन विजय इण्टर कॉलेज के प्रांगन में व विशेष सहयोग से आयोजित हुआ योग शिविर ।संस्था के प्रेरणा स्रोत समाजसेवी आर0आर0डी0 उपाध्याय ने कहा योग हमारे शरीर के लिए ही नहीं बल्कि हमारे व्यक्तित्व के भी महत्वपूर्ण है। योग ईश्वर प्राप्ति का साधन भी माना जाता है। योग भारतीय संस्कृति और सनातन की पहचान है। प्रधानाचार्य कुशलवीर सिंह ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आँखें व ग्राम सेवा संगठन द्वारा संसकृति व संस्कारों को पोषित के पवित्र अभियान की प्रशंसा करते हुये कहा संस्कारों के बिना व्यक्ति पशुओं के सामान है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर रणवीर सिंह सरोहा व संचालन समाज सेवी आर0आर0डी0 उपाध्याय ने किया। बालयोगी ईशान जिन्दल, युवराज सुर्या उपाध्याय एवं वाशु जिन्दल योग शिक्षक के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से योगेन्द्र कुमार सरोहा, क्ळब् भूपेन्द्र वशिष्ठ, अंकित कुमार, अमित कुमार हुड्डा, सुनील कुमार आर्य, रविकुमार उपाध्याय, डॉक्टर रामकुमार, पुष्पेन्द कुमार सरोहा, अरविन्द उपाध्याय, प्रधान जगपाल, विनय कुमार आर्य, डॉ0 जितेन्द्र कुमार आर्य, ओमबीर मुखिया, विकास कुमार, सतेन्द्र सरपंच, सुधीर खोखर, प्रदीप कुमार, संजीव कुमार, मनमोहन जिन्दल, नेता जी कवरपाल , चन्दकीराम, उपेन्द्र वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे।

## एनसीसी केडेटस ने योग दिवस पर किया योगासनो का अभ्यास



**नीलकंठ /युरेशिया**

बड़ौत। 74 U P एनसीसी बटालियन द्वारा ऋषिकुल विद्यापीठ जागोस में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा कैंप कमांडेंट कर्नल लक्ष्मण सिंह चौहान शौर्य चक्र विजेता एवं कर्नल कुमार उमाशंकर किया। प्रशिक्षण राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ महेश कुमार मुछाल दिगंबर जैन कॉलेज ने एनसीसी केडेट को योग दिवस प्रोटोकॉल के अनुसार समस्त योगासनों का अभ्यास कराया । जिसके अंतर्गत प्रार्थना शिथिलीकरण अभ्यास ग्रीवा चालान,स्कंद चालान, कटि संचालन, एवं घुटना चालान साथ ही खड़े होकर किए जाने वाले आसनों मे ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन , अर्ध चक्रासन एवं त्रिकोणासन का अभ्यास कराया। प्राणायाम के अंतर्गत कपालभाति अनुलोम विलोम शीतली प्राणायाम एवं भ्रामरी प्राणायाम के पश्चात ध्यान करते हुए ।इस अवसर परसूबेदार मान सिंह, सूबेदार याजवेन्द्र सिंह नायब सूबेदार सुखदेव सिंह, , हवलदार रवि प्रसाद, हवलदार राजेश, हवलदार गुरुप्रीत, अशोक जैन आदि उपस्थित थे।

संपादकीय

## लाखों मौतों की जवाबदेही
## वायु प्रदूषण रोकने के लिए हो जरूरी साझी पहल


संजय त्यागी 'महादेव'

यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट के वे आंकड़े परेशान करने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। दुखद बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित व परेशान करने वाले हैं। वहीं नीति-नियंताओं को शर्मसार करने वाले भी हैं कि इस दिशा में अब तक गंभीर प्रयास क्यों नहीं हो रहे हैं। ऐसा नहीं है कि पर्यावरण प्रदूषण संकट से अकेला भारत ही जूझ रहा है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही को ही दर्शाता है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से यह प्रदूषण फैल रहा है और किस तरह वे इससे बचाव कर सकते हैं। सड़कों पर लगातार बढ़ते निजी वाहन,गुणवत्ता के ईंधन का उपयोग न होना, निर्माण कार्य खुले में होना, उद्योगों की घातक गैसों व धुएं का नियमन न होने जैसे अनेक कारण वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। वहीं दूसरी ओर आवासीय कॉलोनियों व व्यावसायिक संस्थानों का विज्ञानसम्मत ढंग से निर्माण न हो पाना भी प्रदूषण बढ़ाने की एक वजह है। दरअसल, अनियोजित कॉलोनियों व बहुमंजिली इमारतों के निर्माण से हवा का वह स्वाभाविक प्रवाह बाधित हुआ है जो वायु प्रदूषण रोकने में मददगार होता था। दीवाली के आसपास पराली जलाने का ठीकरा किसानों के सिरों पर फोड़कर प्रदूषण नियंत्रण की जवाबदेही से मुक्त होने का जो उपक्रम होता है, वह जगजाहिर है।

यूनीसेफकी रिपोर्ट में वायु प्रदूषण से वर्ष 2021 में जिन 21 लाख लोगों की मौत होने का जिक्र है, दुर्भाग्य से उनमें 1,69,400 बच्चे हैं। जिनकी औसत आयु पांच साल से कम बतायी गई है। जानलेवा प्रदूषण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर होने से बच्चे समय से पहले जन्म ले लेते हैं, इनका शारीरिक विकास भी सही से नहीं हो पाता। इससे बच्चों का कम वजन का पैदा होना, अस्थमा तथा फेफड़ों की बीमारियां हो सकती हैं। हमारे लिये चिंता की बात यह है कि बेहद गरीब मुल्कों नाइजीरिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इथोपिया से ज्यादा बच्चे हमारे देश में वायु प्रदूषण से मर रहे हैं। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन के संकट ने वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों की संख्या को बढ़ाया ही है। एक अरब चालीस करोड़ जनसंख्या वाले देश भारत के लिये यह संकट बहुत बड़ा है। चिंता की बात यह है कि दक्षिण एशिया में मृत्यु दर का सबसे बड़ा कारण वायु प्रदूषण ही है। उसके बाद उच्च रक्तचाप, कुपोषण तथा तंबाकू सेवन से होने वाली मौतों का नंबर आता है। दरअसल, गरीबी और आर्थिक असमानता के चलते बड़ी आबादी येन-केन- प्रकारेण जीविका उपार्जन में लगी रहती है, उसकी प्राथमिकता प्रदूषण से बचाव के बजाय रोटी ही है। वहीं ढुलमुल कानूनों, तंत्र की काहिली तथा जागरूकता के अभाव में वायु प्रदूषण रोकने की गंभीर पहल नहीं हो पाती।

## डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का हुआ आयोजन

युरेशिया संवाददाता





मेरठ शुक्रवार को डी ए वी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में श्अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसश् पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से दृढ़ता प्राप्त करने का प्राचीन तरीका है। योग भारतवर्ष की धरोहर है। इसी परिप्रेक्ष्य में डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों तथा अध्यापकों ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया। योग की क्रियाओं को योगाचार्य श्री अमित सिंह जी द्वारा पूर्ण कराया गया।

विद्यार्थियों ने विभिन्न आसनों तथा व्यायाम के विभिन्न क्रियाओं को करते हुए शारीरिक व मानसिक स्वस्थता के विषय में ज्ञान अर्जित किया। स्वस्थता जीवन का मूल आधार है, उसके लिए योग दिनचर्या का हिस्सा बने, यह अति आवश्यक है। विद्यार्थियों ने पूर्ण अनुशासन में रहते हुए श्अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसश् को पूर्णता प्रदान की। डॉ अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी स्कूल यूपी जोन ए) ने अपने संदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा कहा कि योग जीवन मूल्यों का वास्तविक मार्गदर्शन कराता है तथा व्यक्ति को स्वयं से जोड़ने में अहम भूमिका का निर्वाह करता है। योग व्यक्ति को न केवल पहचान प्रदान कर सकता है बल्कि उसकी नकारात्मकता को पूर्णतः नष्ट करने में भी सहायक होता है। अतः हमें योग को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। प्रधानाचार्या श्रीमती अपर्णा जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। योगाचार्य श्री अमित सिंह जी को शॉल तथा नई पौध देकर सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थीयों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## योग दिवस कार्यक्रम देश भर में संचालित सीएससी केंद्रों पर बड़े ही ऊर्जा-उत्साह के साथ मनाया गया

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। जैसा कि आप जानते हैं कि इलेक्ट्रानिक्स और सूचना तकनीकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अधिकृत संस्था सीएससी ई-गोवेर्नंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में कोमन सर्विस सेंटर संचालन का कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ष्योगा फॉर वूमेन एंपावरमेंटष् थी। जो महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य विकास के लिए रखी गई थी। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को महिलाओं पर केंद्रित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर वूमेन एंपावरमेंट के जरिए नारी शक्ति के सर्वांगीण विकास के महत्व पर फोकस किया गया है। भारत की सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत के विस्तार में नारी शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। अतः महिला शक्ति को और अधिक प्रभावशाली बनने हेतु महिलाओं का शारीरिक, मानसिक भावनात्मक और सामाजिक विकास होना अति आवश्यक है जिसके लिए योग की बहुत बड़ी उपयोगिता है। जैसे कहते हैं कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा निवास करती है।योग एक प्राचीन शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई थी। श्योग श् शब्द संस्कृत से लिया गया है और इसका अर्थ है जुड़ना अर्थात् शरीर और चेतना का मिलन। आज यह दुनिया भर में विभिन्न रूपों में प्रचलित है और इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही रही है।

क्वारंटाइन और आइसोलेशन में कोविड-19 रोगियों के मनो-सामाजिक देखभाल एवं पुनर्वास में योग ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। विविध योग की उपलब्धियां को इस योग दिवस के अवसर पर सीएससी केंद्र संचालक महिला उद्यमीयों नें अपने केंद्र पर आसपास की गृहणी बालिकाएं एवं मातृशक्ति को आमंत्रित कर योग कार्यक्रम का आयोजन कर योग के महत्व को बताते हुए उन्हें योग के साथ जोड़ा ताकि आने वाले समय में योग का और अधिक प्रचार-प्रसार हो सके और वहद स्तर पर समाज को बड़ा लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर जनपद मेरठ. में 21 जून 2024 को प्रात 8रू00 बजे 10 सीएससी महिला वी एल ई ने अपने-अपने केंद्रो पर 30 से 40 महिलाओं एवं बालिकाओं को योग प्रशिक्षण दिया। और साथ ही योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में योग को निरंतर करने की प्रतिज्ञा भी ली । इस अवसर पर महिला वी एल ई के सीएससी केंद्र पर समाज के गणमान्य महिलाएं एवं पुरुष आदि उपस्थित रहे।

# दसवें अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर विशेष

## योग व्यष्टि को समष्टि से जोड़ने की साधना है।


के.डी. शुक्ला
प्रवक्ताः
जनता इंटर कॉलिज, खरखौदा



योग शब्द का सामान्य अर्थ जुड़ना होता है।जिसकी निष्पत्ति संस्कृत भाषा के युज धातु के दिवादिगण आत्मनेपदी में युज समाधौ सूत्र से होती है।ऋग्वेद में यद्यपि कि योग शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम हुआ है तथापि ईसा से शताब्दियों पूर्व रचित कठोपनिषद में योग शब्द का प्रयोग अमूमन उसी तरह हुआ है जैसा कि आजकल व्यवहृत हो रहा है।इसके अतिरिक्त पतंजलि कृत ग्रंथों में भी योग के विभिन्न प्रकारों और उनके फायदों तथा तरीकों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया है।जिसकी महत्ता आज वैश्विक आवश्यकता बन चुकी है।यही कारण है कि वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को योग दिवस घोषित किये जाने से इसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता के साथ ही साथ पहचान भी मिल चुकी है।

योग वस्तुतः व्यक्ति की सार्वभौमिक सत्ता तथा अनुभावों से तादात्म्य स्थापित करते हुए साधना व ध्यान के विभिन्न उपायों द्वारा आध्यात्मिक व आत्मिक शक्तियों के जागृत करने की एकप्रकार से कला औरकि तपस्या है।महर्षि पतंजलि ने योग को ष्योगरूचित्तवृत्ति निरोधरूष्कहते हुए जहां अष्टांग योग को प्रतिपादित किया है तो गीता में श्रीकृष्ण ने ष्योगस्थः कुरु कर्माणिष् का उपदेश अर्जुन को देते हुए ज्ञान और भक्ति के साथ-साथ कर्मयोग का उपदेश दिया है।किंतु कुछ विद्वान गीता में वर्णित योगस्थः कुरु कर्माणि के साथ ही साथ समत्वम योगम उच्यते जैसी परिभाषाओं से इतर अन्यान्य परिभाषाओं को श्रेष्ठ बताते हैं।कदाचित ऐसा गीता के अल्प अध्ययन के प्रतिफल के सिवा और कुछ नहीं।

योग,जोकि आज वैश्विक पटल पर सार्वभौमिक आरोग्य,ध्यान,साधना तथा शांति प्राप्ति का अभूतपूर्व प्रतीक बन चुका है,की जैन,बौद्ध,ईसाई सहित सभी प्रमुख पंथों में किसी न किसी रूप में उपासना पद्धतियों में प्रयोग किया जाता है।कोई इसे समाधि की अवस्था,कोई ध्यान तो कोई शांतिमार्ग के रूप में स्वीकार्य करता है।इसप्रकार कहा जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस प्राचीनतम भारतीय प्रणाली को वैश्विक मान्यता प्रदान किया जाना किसी लोककल्याणकारी कार्य से अधिक महत्त्वपूर्ण है।

प्रश्न जहाँतक योग की विभिन्न मुद्राओं और ध्यान के केन्द्रीयकरण की अवस्थाओं का है तो इसमें कोई शक नहीं कि योग व्यष्टि को समष्टि से जोड़ने की एक साधना है।जिससे व्यक्ति अपने अंदर निहित आत्मशक्तियों को जागृत,प्रस्फुटित और विकसित करते हुए मन को एकाग्र करने का प्रयास करता है।मन के एकाग्र होने की अवस्था ही ध्यान के केन्द्रीयकरण की अवस्था कहलाती है।जिससे व्यक्ति शांतिपूर्वक अपने उद्देश्यों का निर्धारण करते हुए मनोवांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रहता है।योग स्वयम को परमात्मा में समर्पित करने,विलीन करने तथा मनुष्यत्व व देवत्व में दूध पानी की तरह मिश्रित होने की चरमावस्था है।योग से ही व्यक्ति अपने भीतर छिपी दिव्य शक्ति की अनुभूति करते हुए बाधाओं और मुश्किलों को पार करता हुआ सफलता की ओर अग्रसर होता है।

गीता में श्रीकृष्ण द्वारा सांसारिक सम्बन्धों के चलते अपने कर्म से विमुख होते अर्जुन को वस्तुतः जिस ज्ञान का उपदेश दिया गया था ,वह ज्ञान और भक्ति से होता हुआ कर्म एव सिद्धिमन्त्ररू अर्थात कर्मयोग पर समाप्त होता है।श्रीकृष्ण योगस्थः द्वारा अर्जुन को यह उपदेश देते हैं कि वह अपने और स्वयम उनमें तादात्म्य स्थापित करते हुए देवत्व और मनुष्यत्व में एकाकार हो।जब मनुष्य स्वयम को देवत्व में एकाकार करता है तो उसे जय-पराजय,सिद्धि-असिद्धि का कोई भी भय नहीं होता है।ऐसे में उसे सिर्फ और सिर्फअपना कर्म दृष्टिगोचर होता है।यही तो मानवों की सफलता का भी मूलमंत्र है।जब मनुष्य अपनी आत्मशक्तियों को मन को नियंत्रित करते हुए साधना की स्थिति में जाता है,तो यही स्थिति ध्यान कहलाती है।ध्यानस्थ अवस्था में व्यक्ति अपने लिए निर्धारित लक्ष्यों को ही समवेत स्वरों में बोलता व देखता है।उसे परमेश्वर से एकाकार होने के कारण निर्भयता प्राप्त होती है।अंततः वह कठिनतम स्थितियों में भी सरलतापूर्वक लक्ष्यों की प्राप्ति कर लेता है।इस प्रकार योग को लक्ष्य प्राप्ति का मुख्य उपागम भी कहा जा सकता है।

पाश्चात्य जगत बहुधा योग को आसन के रूप में अधिक महत्त्व देता है।जैन इसे ध्यान तो बौद्ध समाधि की संज्ञा देते हैं।महर्षि पतंजलि इसे चित्त वृत्तियों के निरोग के साथ अष्टांग मार्गों द्वारा सिद्ध करने के सूत्रों का प्रतिपादन करते हैं।वस्तुतः योग का अर्थ आसन नहीं है किंतु यम,नियम,प्राणायाम इत्यादि इसके उपागम होने के कारण विभिन्न प्रकार के आसन आज योग के साधन है,उपाय हैं।जोकि शारीरिक,मानसिक व आध्यत्मिक शक्तियों के प्रस्फुटन में बहुत सहायक होते हैं।यही कारण है कि कहावत है-

करें योग, रहें निरोग।

गीता में ही योग को ष्योग कर्मसु कौशलमष् कहते हुए परिभाषित किया गया है।इसलिए योगस्थरूकुरु कर्माणि और ततपश्चात योग कर्मसु कौशलम दोनों का समत्वम योगम उच्यते का सार ही योग दर्शन है।जिसके अनुसार योग को मंत्रयोग, हठ योग,राजयोग जैसे चार मुख्य भागों में विभक्त किया जाता है।मंत्रयोग जहां मंत्रों के उच्चारण,वाचन और मनन से उत्तपन्न तरंगों,ध्वनियों आदि के द्वारा मन को एकाग्र करता है,ध्यान शक्ति को पुष्ट करता है तो वहीं हठ योग ह-सूर्य व ठ-चन्द्र से सम्बंधित इड़ा और पिंगला नाड़ियों के बीच स्थिति सुषुम्ना को प्राणायाम,आसन इत्यादि विधियों द्वारा साधते हुए नैराश्य,दौर्बल्य,अशांति,चिंता आदि से मुक्ति प्रदान करता है,शरीर को पुष्ट व बलवान बनाता है।जबकि राजयोग अष्टांग मार्गों का अनुसरण करते हुए व्यष्टि को समष्टि से एकाकार करता है।

सारसंक्षेप में इतना ही कहा जा सकता है कि योग मनुष्य को निरोग,चिंतारहित,नैराश्य विहीन और मनोवांछित लक्ष्यों की प्राप्ति में अत्यधिक सहायक है।यह आध्यात्मिक,सांस्कृतिक होने के साथ ही मानव कल्याण हेतु हमारे प्राचीन ऋषियों की अमूल्य देन है।जिसे अंगीकृत व व्यवहृत करना ही रोगों से मुक्त होते हुए कर्म पथ पर अग्रसर होते हुए लक्ष्यों को प्राप्त करना आज प्राणिमात्र की आवश्यकता है।

# आध्यात्मिक जागृति - आधि व्याधि का उपचार

## संत निरंकारी मिशन द्वारा योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। संत निरंकारी मिशन द्वारा 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर शुक्रवार को संपूर्ण भारतवर्ष में स्थापित संत निरंकारी मिशन की विभिन्न शाखाओं में प्रातः 6.00 बजे से स्थानीय योग प्रशिक्षकों के निर्देशन द्वारा खुले स्थानों एवं पार्कों में योग दिवस का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इसी क्रम में मेरठ ब्रांच में डिफेंस एनक्लेव ए - 254 के सामने वाले पार्क में योगाचार्य अजय शर्मा जी के निर्देशन में सुबह 6:30 बजे से 7:30 बजे तक एवं निरंकारी सत्संग भवन, दामोदर कॉलोनी, गढ़ रोड, मेरठ पर चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से आए योगाचार्य आदित्य गोड़ के निर्देशन में सुबह 5: 30 से 7: 00 बजे तक 'योग दिवस' का आयोजन किया गया। जिसमें मेरठ के दोनों स्थानों पर लगभग 100-100 अनुयायियों ने बढ़ चढ़कर के भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' का विषय 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' दिया गया है, जो निसंदेह आज के समय की मांग है। संत निरंकारी मिशन भी समय-समय पर महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित कर उन्हें सक्षम बनाने में प्रयासरत है, जिसमें मुख्यतः सिलाई एवं कढ़ाई सेंटर, ब्यूटीशियन कोर्स, टयूशन सेंटर इत्यादि प्रमुख हैं। संत निरंकारी मण्डल, मेरठ जोन के जोनल इंचार्ज कंवरपाल सिंह ने बताया कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चौरिटेबल फाउन्डेशन द्वारा 'योग दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत इस वर्ष भी 'अंतराष्ट्रीय योग दिवस' कार्यक्रम का विशाल रूप में आयोजन संपूर्ण भारतवर्ष के लगभग हर प्रांत के शहरों में उत्साहपूर्वक किया गया। योग भारत की एक ऐसी प्राचीन पद्धति है जिसके द्वारा आध्यात्मिक, शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को संतुलित किया जाता है। योग के नियमित अभ्यास से तनाव मुक्त जीवन जिया जा सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण में योग का विशेष महत्व है। वर्तमान समय में जहां महिलाएं गृहस्थ जीवन और कार्यक्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही हैं, ऐसे में योग, उनकी व्यस्तता से भरी हुई जिंदगी की एक ऐसी आवश्यक गतिविधि है जो उनको अपनी सभी जिम्मेदारियों को पूर्णता से निभाने में सहायता करती है। संजय कुमार सिंह मेरठ ब्रांच के संयोजक ने जानकारी दी कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने भी अपने विचारों में 'स्वस्थ मन सहज जीवन' अपनाने का दिव्य मार्गदर्शन देते हुए यही समझाया है कि हमें अपने शरीर को निरंकार प्रभु की अमोलक देन समझते हुए उसे स्वस्थ एवं सेहतमंद बनाए रखना है। अतः ऐसे स्वास्थ्यवर्धक कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल यही है कि इस भागदौड़ भरी जिदंगी में अपनी सेहत पर और ध्यान देते हुए उसे बेहतर एवं उत्तम बनाते हुए एक स्वस्थ जीवन जीना है। दोनों कार्यक्रमों को सफल बनाने में मेरठ जोन 54- ।के जोनल इंचार्ज कुंवरपाल सिंह एवं संयोजक संजय कुमार सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# NEET - UG 2024 के परिणामों में धांधली का आरोप, कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की रखी मांग

युरेशिया संवाददाता




मेरठ। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवनीश काजला व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी के नेतृत्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर NEET -UG 2024 के परिणामों में धांधली का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन अपर नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से देकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस प्रवक्ता हरिकिशन अंबेडकर ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी के द्वारा देश में सभी जिला मुख्यालय पर यह प्रदर्शन किये जा रहे हैं। राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि NEET -UG 2024 का परिणाम 4 जून 2024 को जारी हुआ था।जिसमें कई अनियमिताएं जाहिर हुई पेपर लीक का आरोप भी अभ्यर्थियों द्वारा लगाया गया।परीक्षा में तकनीकी गड़बड़ियां कदाचार और अनुचित साधनों का प्रयोग किया गया। भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार,गुजरात और हरियाणा में छम्म्ज् परीक्षा से संबंधित भ्रष्टाचार के लिए कई लोगों की गिरफ्तारियां

भी हुई,जिससे पूरी परीक्षा ही दोषपूर्ण की आशंका से ग्रसित हो गई है। NEET परीक्षा में भ्रष्टाचार के कारण लाखों युवाओं का भविष्य दाव पर लग गया है, अभिभावकों के लाखों रुपए बर्बाद हुए है,जिस कारण कई छात्र अवसाद में है और कुछ ने आत्महत्या कर ली है। चुंकि NEET मेडिकल की परीक्षा है जिसमें ईश्वर का स्वरूप चिकित्सकों का निर्माण होता है ऐसी परीक्षाओं में कदाचार और भ्रष्टाचार से आए हुए चिकित्सक भविष्य में आम जनमानस के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ ही करेंगे। NEET -UG 2024 परीक्षा करने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NEET ) ने अपनी परीक्षा 18 जून 2024 को संपन्न(NEA )परीक्षा को अगले दिन ही अनियमित के आशंका से रद्द कर दी और सीबीआई जांच की अनुशंसा कर दी गई है। इससे छम्म्ज् की परीक्षाओं में हुई धांधली के आरोपी को बल मिलता है। कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में पेपर लीक के खिलाफ सख्त कानून लागू करके युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का वादा किया था, कांग्रेस पार्टी सरकार से मांग करती है कि NEET -UG 2024 की परीक्षा को रद्द करते हुए (NEA) से कराई गई सभी परीक्षाओं की जांच सीबीआई द्वारा कराई जाए। साथ ही कांग्रेस पार्टी यह भी मांग करती है कि युवाओं के भविष्य को रोदने का प्रयास करने वाले शिक्षा माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, साथ ही इन सभी धांधलियों की जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री अपने पद से तत्काल इस्तीफा दें। प्रदर्शन में प्रवक्ता हरिकिशन अंबेडकर,धूम सिंह गुजर, सलीम खान,मो रेहानुद्दीन, किरण बाला, सुनीता सिंह,मीणा सैफी, सुनीता मंडल, समसुद्दीन चौधरी ,अरविंद तालियांन , राजेंद्र जाटव, महेंद्र गुर्जर, युसूफ अंसारी खिरवा, इकरामुद्दीन अंसारी, तेजपाल डंबका , विनोद सोनकर, राहत चौहान, शिवकुमार शर्मा, सलीम अल्वी, सरताज अहमद,अंसार अहमद, सुमित विकल , सोनू प्रजापति, नेईम राणा, मुदस्सिर चौहान, अल्तमश त्यागी, आदेश शर्मा,मुकेश वर्मा, हरीश त्यागी मीना सैफी, आदेश शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, इकराम अंसारी, असीम अंसारी, पीयूष रस्तोगी, मास्टर चमन सिंह, निसार अहमद,तनवीर ईलाही, मुल्लाजी अशरफ,रमाकांत शर्मा,नेपाल तोमर, जाहिद वाहिद,रुस्तम सैफी,असीम अंसारी, नौशाद कसर, दिलशाद अहमद आदि उपस्थित थे।

# मंत्री धर्मपाल सिंह ने सर्किट हाऊस में स्वच्छता एवं संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक

## मंत्री ने चारागाहों में हरा चारा बोने के दिये निर्देश

## पशु सेवा हमारा धर्म,गाय के गोबर से अन्य वस्तुएं बनाये जाने पर किया जाये कार्य- धर्मपाल सिंह

## मंत्री धर्मपाल सिंह ने मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, सुअर पालन, बकरी पालन, भेड पालन से संबंधित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के दिये निर्देश

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन उ0प्र0ध्प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा सर्किट हाऊस में स्वच्छता एवं संचारी रोग नियंत्रण के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में पशुपालन से संबंधित योजनाएं, संचारी रोग एवं बचाव, स्वच्छता, जल जीवन मिशन, विद्युत आपूर्ति, बाढ सुरक्षा, कांवड यात्रा आदि बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में पशुओं में संक्रामक रोग फैलने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, ऐसे में पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाव के लिए दवाओं की उपलब्धता तथा अन्य उपाय समय से किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि पशु सेवा हमारा धर्म है। किसान की आय कृषि के साथ पशुपालन करने से बढेगी। उन्होंने मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, सुअर पालन, बकरी पालन, भेड पालन से संबंधित योजनाओ के प्रचार-प्रसार के निर्देश दिये।

मंत्री धर्मपाल सिंह ने जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र पंचायत की बैठकों में सम्मिलित होकर कृषकों को गाय न छोडने के लिए समझाया जाये। उन्होने कृषको को कृत्रिम गर्भाधान, सैक्सड सीमन का प्रयोग (इस विधि में सिर्फमादा पशु का जन्म होता है), बधियाकरण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये। उन्होने कब्जामुक्त तथा कब्जायुक्त चारागाहों की जानकारी प्राप्त करते हुए चारागाहों में हरा चारा बोने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को गौशालाओं में जाने के निर्देश दिये तथा कहा कि गाय के गोबर से अन्य वस्तुएं बनाये जाने पर कार्य किया जाये। उन्होंने गौशालाओं के लिए गोबर से लकड़ी बनाने की मशीन लेने के निर्देश दिये। संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि गाय के गोबर से देशी खाद का निर्माण किया जा रहा है तथा नई गौशाला के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर में कनेक्शन के साथ टोटी भी लगवाने की व्यवस्था की जाये ताकि पीने का स्वच्छ जल बर्बाद न हो। विद्युत विभाग के अधिकारी से विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर फुकने पर बदलने की कार्यवाही आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होने बाढ़ सुरक्षा के लिए तटबंध निर्माण की जानकारी लेते हुए समस्त तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। कांवड यात्रा को लेकर मंत्री ने कहा कि पूर्व में हुई घटना की पुनरावृत्ति न हो तथा कांवड यात्रा सुरक्षित व शांतिपूर्ण ढ़ग से संपन्न हो इसके लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाये। इस अवसर पर महापौर हरिकांत आहलुवालिया, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, पूर्व एमएलसी सरोजिनी अग्रवाल, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, नगर आयुक्त डा0 अमित पाल शर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 राजेन्द्र कुमार शर्मा, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एक नजर..

## योग दिवस पर विधायक प्रतिनिधि ने कार्यकर्ताओ के साथ किया योग



नाथी सहल/युरेशिया

चिलकाना ।योग दिवस पर आज मुख्य अतिथि पधारे प्रोफेसर विकेश चौधरी नें योग क्रिया कर सभी से योग के प्रति जागरूक हो मानव जीवन मे योग क्यों जरूरी है पर विस्तार से चर्चा की,

अधिशाषी अधिकारी श्री राजीव कुमार नें सभी नगर वाशियों को योग दिवस की शुभकामनायें देते हुए बताया की अगर स्वस्थ तन रहेगा तभी स्वस्थ मन भी रहेगा इसलिए निरंतर योग करे ओर स्वस्थ रहे

इस अवसर पर वरिष्ठ बीजेपी नेता चौधरी तेजपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा बीजेपी नेता हिमांशु गर्ग बीजेपी सभासद इशम दूबे, बीजेपी नेता राकेश एरन, आँशु सैनी, दीपक कश्यप, जगपाल उपाध्याय,मंडल महामंत्री पंकज सैनी,पिपन, बीजेपी नेता कलिराम, हरिचंद प्रधान, पूर्व मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र काम्बोज, हाजी इमरान अंसारी, प्रताप सैनी, अमित बाल्मीकि,आदि सैकड़ो युवा बुजुर्ग एवं बच्चे शामिल रहे।

## 60ग्राम स्मैक व दो अवैध मोटरसाईकलो के साथ चार अभियुक्तो को दबोचा




नाथी सहल/युरेशिया

चिलकाना। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताड़ा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकार सदर के पर्यवेक्षण मे व थानाध्यक्ष कपिल देव के कुशल नेतृत्व मे 4अभियुक्तों-1.नौशाद पुत्र इरशाद निवासी घाटमपुर थाना नकुड़, 2.वासिद पुत्र लियाकत निवासी घाटमपुर, 3.महताब पुत्र रियासत निवासी घगरौली थाना बेहट, 4.मुजक्कीर पुत्र मारूफनिवासी घगरौली थाना बेहट को 60ग्राम स्मैक व 2चोरी कि मोटरसाईकलो के साथ पठेड कच्चा पक्का रोड से गिरफ्तार किया, आवश्यक कार्यवाही के बाद अभियुक्तों को मा0न्यायलय मे पेश किया जायेगा, गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरक्षक करन नागर, उप निरक्षक आकाश कुमार,हे0का0 कुलदीप कुमार, का0अनुज राणा व का0 कर्मवीर सिंह उपस्थिति रहे ।

## कुआँखेडा घाट पर आयोजित हुआ योग कार्यक्रम

अरविन्द चौहान / युरेशिया




तीतरों(सहारनपुर)जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र के निर्देशानुसार नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 वें अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संगम घाट कुआँ खेडा पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संगम घाट कुआँ खेडा पर आयोजित कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जन साधारण का आव्हान किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के स्तर पर योगाभ्यास प्रारम्भ कर स्वस्थ एवं समर्थ राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक अपना कर्त्वय निभायें। उन्होने करो योग रहो निरोग के स्लोगन को आत्मसात करते हुए पेड लगाये, पेड बचायें-जल बचायें, जीवन बचायें,बेटी बचाओ बेटी पढाओं जैसे विषयों पर संवाद करते हुए योग का संकल्प भी कराया।

प्रख्यात समाजसेवी शिक्षक विद ने स्वतन्त्रता सेनानी परिवार से राजकुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को सम्बोधित किया।पदम सिंह प्रधानाचार्य सरस्वती इण्टर कॉलेज तीतरों ने कार्यक्रम को विशिष्ठ अतिथि के रूप में सम्बोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सैन्य सेवा से सेवानिवृत्त केहर सिंह, ने करते हुए समस्त प्रतिभागियों को आशीष एवं पौध प्रदान कर वृक्षारोपण के लिये अभिप्रेरित किया।जिला स्वच्छता सलाहाकार श्री देवभास्कर पाण्डेय ने कहा कि योग को नियमित दिनचर्या का मुख्य कार्य बनायें। इसके पूर्व आकांक्षा योग प्रशिक्षिका के द्वारा विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया।योग प्रशिक्षिका के प्रभावी तरीकों से सैंकडों की संख्या में उपस्थित प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया।इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी मनोज कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत नेत्रपाल, सी0डी0पी0ओ0रेखा कौशिक, प्राधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक इण्टर कॉलेज कुआँ खेडा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जल जीवन मिशन, मनरेगा, पंचायती राज विभाग के कर्मचारी एवं प्रतिनिधि समेत अनेक गणमान्य गण उपस्थित रहे।

**दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल**

**समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

| | |
|---|---|
| मोनु कश्यप (जिला प्रभारी) | मो0: 8630402509 |
| प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी) | मो0: 9997171951 |
| अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी) | मो0: 9759693305 |
| मोनीन (नागल प्रभारी) | मो0: 9639221277 |
| अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी) | मो0: 9720509609 |
| नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी) | मो0: 6397074075 |
| नादिर (तहसील बेहट प्रभारी) | मो0 9870984665 |
| विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी) | मो0: 6396576517 |
| शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी) | मो0: 9719777268 |
| मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी) | मो0: 9675196324 |
| सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी) | मो0: 9758712680 |
| परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर) | मो0: 8410360786 |
| शौकीन अहमद (मिर्जापुर प्रभारी) | मो0 9720067900 |

# जिलाधिकारी ने किया निर्माणाधीन सरसावा सिविल टर्मिनल का निरीक्षण

### तीन माह उपरान्त कार्य की संतोषजनक प्रगति न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी

मोनू कश्यप /युरेशिया



सहारनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र ने शासन के उच्च निर्देशों के क्रम में सरसावा में सिविल टर्मिनल के चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग एवं भूगर्भ विभाग ने अपना कार्य पूर्ण कर लिया है लेकिन टर्मिनल के निर्माण हेतु नामित कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य में लापरवाही बरती गयी है।तीन माह पूर्व कार्यदायी संस्था द्वारा यह आश्वस्त किया गया था कि माह मार्च में कार्य को पूर्ण कर दिया जाएगा। लेकिन अभी तक कार्य के पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि कार्य में बरती गई ढिलाई के बारे में शासन को अवगत कराते हुए संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित राजेश महाजन, उपजिलाधिकारी सदर श्रीमती संगीता राघव सहित कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# के एल जी एम इंटर कालेज नकुड के मैदान पर आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

विकास शर्मा /युरेशिया

नकुड़ के एल जी एम इंटर कालेज नकुड के मैदान पर आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया,जाने माने योग गुरु एवम आर्ट ऑफ लिविंग के योगाचार्य आशीष शर्मा एवं विपिन गुप्ता ने उपस्थित जनसमुदाय को योगाभ्यास कराया।

कार्यक्रम में विधायक मुकेश चौधरी, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, पूर्व विधायक महिपाल सिंह माजरा ,उप जिलाधिकारी नकुड संगीता राघव, तहसीलदार नकुड जसमेंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता ,नगर पालिका अधिशासी अभियंता सुनील कुमार सरोज,विद्यालय की प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा,बिजेंद्र शर्मा,सहित



नगर के गणमान्य व्यक्तियों,सम्मानित पत्रकार बंधुओं तथा विद्यालय के स्टाफ और छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर सामूहिक योगाभ्यास किया।कार्यक्रम में रामपुर मनिहारान के मोक्षयतन योग संस्थान से आए छात्र-छात्राओं एवं के एल जी एम इंटर कालेज के छात्र-छात्राओं ने अलग से योगाभ्यास की प्रस्तुति द्वारा सभी को अचंभित कर दिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी संगीता राघव ने सभी का योग को अपने जीवन में उतारने का आवाहन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन गौरव मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के बाद गत सात दिनों में योग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# विचार और कर्म के बीच समन्वय ही योग है प्रदीप चौधरी '

विकास शर्मा /युरेशिया

नकुड़ः हरि ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशन्स के सहारनपुर रोड़ स्थित, एच0आई0टी0 कैम्पस में 10 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। संस्थान प्राचार्य डॉ0 एन0 पी0 राठौर ने जानकारी दी कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी योग दिवस पर विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन संस्थान में किया गया।इस वर्ष प्रशिक्षक के तौर पर ख्याति प्राप्त योग गुरु हेमेन्द्र देव को आमंत्रित किया गया था।कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, संस्थापक चौधरी हरिपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख नकुड़ व संस्थान चेयरमैन डॉ0 सुभाष चौधरी, निदेशक मयंक चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ की। योग प्रशिक्षक हेमेन्द्र देव ने सभी को



योगाभ्यास के दौरान आसन, प्राणायाम एवं ध्यान की विभिन्न क्रियाओं का महत्व व शारीरिक-मानसिक लाभ बताया।योग प्रशिक्षक हेमेन्द्र देव ने कहा कि वर्तमान जीवन शैली भोग आधारित हो चुकी है। भोग प्रवृत्ति ने हमें विभिन्न बीमारियों का शिकार बना दिया है, आने वाले समय में स्वयं को स्वस्थ रखने का एक ही मार्ग है।इस अवसर पर सांसद प्रदीप चौधरी ने कहा कि विचार और कर्म के बीच समन्वय ही योग है।योग क्रियाओं का अभ्यास हम सभी को योग-प्रणायाम को अपने जीवन का अंग बनाना ही होगा। डॉ0 सुभाष चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हर कोई बहुत ही जल्दबाजी और आपाधापी का जीवन जी रहा है। सब दौड़ रहे हैं। सहजता और सरलता हमारे जीवन से गायब हो चुकी है। हम सभी को प्रकृति के समीप जाकर प्राकृतिक जीवन की तलाश करनी होगी। योग प्रकृति द्वारा प्रदत्त अमूल्य उपहार हैं।निदेशक मयंक चौधरी ने कहा कि योग न केवल शारीरिक अपितु मानसिक स्वास्थय को भी सुधारता है। युवा पीढी अपनी संस्कृति, संस्कार और प्राचीन अमूल्य धरोहरों से दूर जा रही है। युवाओं को योग की अधिक आवश्यकता पर मयंक चौधरी ने बल दिया और कहा कि युवाओं को आगे बढ़ना है तो नशे को जीवन से अलविदा करते हुए, योग मार्ग को अपनाना होगा। प्राचार्य डॉ0 एन0 पी0 राठौर ने कहा कि आज हमारी जीवनशैली तनाव और अवसाद से ग्रस्त हो चुकी है।तनाव से बचने का एकमात्र रास्ता योग है। उन्होंने सभी को शपथ दिलायी कि योग को अपनी जीवनचर्या का अभिन्न अंग बनाएंगे। योग के इस कार्यक्रम में हरि ग्रुप के रजिस्ट्रार डॉ0 सचिन गुप्ता, कपिल आर्य, शुभम कालरा, डॉ0 वसुन्धरा, डॉ0 शारीम, देवेन्द्र कुमार, मंजुला गुम्बर, प्रदीप कुमार, सुखबीर सिंह, रोहित चौधरी, सनुज कुमार, राजपाल प्रधान, प्रदीप भांकला सहित सैंकडों की संख्या में स्टॉफ सदस्यगण, क्षेत्रवासी, एवम् विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।संचालन डॉ0 अमित चौधरी ने किया।

# विश्वविद्यालय में सैनिक शिविर के दौरान समृद्ध योग सत्र का आयोजन

अरविन्द चौहान / युरेशिया

गंगोह(सहारनपुर)शोभित विश्वविद्यालय में 86 यूपी बटालियन एनसीसी ने 15 जून से 21 जून 2024 तक विश्वविद्यालय में चल रहे थल सैनिक शिविर के दौरान एक समृद्ध योग सत्र का आयोजन किया।500 कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एन.सी.सी ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर संदीप त्यागी के के निर्देशन में दैनिक योग सत्र प्रत्येक दिन पेशेवर प्रशिक्षक के नेतृत्व में समर्पित योग सत्रों के साथ शुरू हुआ।कैडेट्स ने विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान तकनीकों का अभ्यास किया, सही मुद्राओं और श्वास तकनीकों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक 16 जून को कैडेटों ने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक किए।जागरूकता कार्यक्रम 17 जून और 18



जून को कैडेटों ने स्कूलों और सामुदायिक केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता: कैडेटों ने योग के महत्व को उजागर करने के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने विभिन्न योग मुद्राओं और विषयों को दर्शाते हुए रंग-बिरंगे और सूचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।सामुदायिक योग सत्र 19 जून और 20 जून को कैडेटों ने स्थानीय पार्कों और खुले स्थानों में सामुदायिक योग सत्र आयोजित किए। इनमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर समापन समारोह सप्ताह भर चलने वाली गतिविधियों का समापन 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम में हुआ। सत्रों का नेतृत्व करने के लिए एक पेशेवर योग प्रशिक्षक को नियुक्त किया गया, जो कैडेटों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना गतिविधियों में विभिन्न योग आसन, श्वास व्यायाम और ध्यान तकनीकें शामिल थीं, जो शारीरिक लचीलापन, मानसिक स्पष्टता और समग्र कल्याण को बढ़ाती थीं। इस अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह, कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह ने सभी को अंतराष्ट्रीय योग दिवस की अनेक शुभकामनाएं दी।

# श्री गुरु गोरखनाथ ने योग को जन-जन तक पहुंचा-अंतर्राष्ट्रीय महामंडलेश्वर साध्वी जमुना दास

अरविन्द चौहान / युरेशिया

सहारनपुर।श्री श्री1008 अंतरराष्ट्रीय महामंडलेश्वर साध्वी सविता जमुना दास राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी प्रकोष्ठ ने योग दिवस पर कहा आज विश्व भर में योग लोगों की पहली प्राथमिकता बन चुका है और बना भी चाहिए विश्व के कई देशों में योग लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन रहा है।उन्होंने कहा मुस्लिम देशों में भी



लोग योग एजुकेशन सिस्टम मैं सम्मिलित कर रहे हैं।योग को विश्व भर में प्रचलित करने वाले विश्व गुरु गुरु गोरखनाथ जी हैं जिसका पूरा-पूरा श्रेय गुरु गोरक्षनाथ को ही जाता है।

गोरक्षनाथ योग संस्थान द्वारा भी आयोजित आनलाइन योग शिविर में योग सिखाया जाता है। दुनिया भर में लोक मान्यता के अनुसार भगवान गोरखनाथ हर युग में रहे है।महा योगी गुरु गोरखनाथ द्वारा विरचित ग्रंथ और उनके द्वारा प्रवर्तित हठयोग कि लोग स्वीकृति महायोगी गुरु गोरखनाथ को अलौकिक ओर असाधारण अद्वितीय लोकोन्मुखी महायोगी बनाती है। महायोगी गुरु गोरखनाथ महाराज द्वारा ही योग प्रारंभ किया गया था।मीडिया से बात करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महामंडलेश्वर साध्वी जमुना दास ने योग दिवस पर विश्व को बधाई दी है।और कहां है कि मनुष्य को अपने अमूल्य जीवन में निरोग रहना है तो योग को भी अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनना होगा तभी देश विश्व गुरु बनेगा।

# डी सी जैन इंटर कॉलेज में योग दिवस के मौके पर किया गया योग कक्षा का आयोजन

शक्ति चौधरी/युरेशिया

सरसावा। गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार वह नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के द्वारा दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में डी सी जैन इंटर कॉलेज, सरसावा के प्रांगण में योग कक्षाओं का




आयोजन किया गया।

देव संस्कृति विश्वविद्यालय के योग प्रशिक्षु प्रदीप चौधरी, रोहित शाह, कौशल लोधी, विभा आर्य, भावना चौधरी ने योग कराया। यहां नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी आदि मौउजूद रहे।

## कसबे सहित ग्लोकल यूनिवर्सिटी व विभिन्न स्थानों पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

शेख मौ नादिर / युरेशिया



बेहट।दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर योग शिविर लगाए गए जिनमे योग क्रियाएं कराने के साथ ही उसके फायदे बताए गए। छोटे बच्चो ने भी योग क्रियाएं कर कर लोगो को प्रतिदिन योग करने का संदेश दिया।

शुक्रवार को देशभर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।इस अवसर पर ग्लोकल विश्वविद्यालय में आयोजित योग शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर डॉ. पी. के. भारती द्वारा योग दीप प्रज्वलित कर किया गया। योग विशेषज्ञ एवं वेलनेस कोच डॉ. नईम अहमद शाह एवं उनकी टीम मुस्कान, शिवानी, सिमरन, नदीम अहमद ने विभिन्न योग आसन कराए।इस दौरान ग्लोकल विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ. सतीश कुमार शर्मा, प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ. पी. के. मिश्रा, प्रतिकुलपति डॉ. जॉन फिनबे, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. एस.पी.पाण्डे, डी.एस. डब्लू. स्वर्णिमा सिंह, सीएफओ ए. पी. सिंह सहित भारी संख्या में विश्वविद्यालय के स्टाफऔर छात्र- छात्राए मौजूद रहे।

उधर, बेहट कस्बे के जनता इंटर कालेज में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक नरेश सैनी, बेहट एसडीएम, तहसीलदार प्रकाश सिंह, नायब तहसीलदार संजय सिंह, ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी, भाजपा नेता बॉबी कर्णवाल, राकेश गाबा, प्रधानाचार्य सुभाष सागर, सतप्रकाश रोहिला, हंसराज, हर्ष धीमान आदि मौजूद रहे।योग दिवस के मौके पर छोटे बच्चो ने भी योग क्रियाएं कर लोगो से प्रतिदिन योग करने की अपील की ताकि रोगों से बचा जा सके।बेहट कस्बे में छोटे बच्चे शेख़ फरहान आलम द्वारा योग क्रियाएं कर लोगो को योग करने का संदेश दिया गया।क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेगपुर नौगांवा के प्राथमिक विद्यालय मे भी अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मोहम्मद इकराम प्राथमिक विद्यालय के सभी अध्यापकगण, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायक, आशा, ग्राम सहायक जीशान अली आदि मौजूद रहे।

## सतगुरू रविदास जी की प्रतिमा स्थापित कर विचारो पर चलने का लिया संकल्प



शेख़ मौ नादिर / युरेशिया

बेहट।क्षेत्र के गांव गदरहेडी में संत शिरोमणी सतगुरु रविदास जी महाराज की प्रतिमा का अनावरण कर परिक्रमा पश्चात धूमधाम से स्थापित की गई।

प्रतिमा भेंट करते हुए भारतीय शिक्षा चौरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीयध्यक्ष व वरिष्ट समाजसेवी जयराम गौतम प्रधान ने सभी से सतगुरु रविदास जी महाराज सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज के बताए समानतावादी मार्ग पर चलते हुए शिक्षा हासिल कर समाज का नाम रोशन करने की बात कही।कार्यक्रम से पूर्व गांव में संत शिरोमणी सतगुरु रविदास जी महाराज की प्रतिमा की परिक्रमा कर भंडारा किया गया।इस दौरान पत्रकार एसडी गौतम, महात्मा तेल्लूदास, महात्मा मांगेदास, भानु प्रधान, शेरसिंह, अनुज राणा, प्रिंस प्रधान, सुनील, शक्ति, इलू बर्मन, गुलाब, प्रियांशु, दिनेश कुमार, शुभम, सेठपाल, राजेश, राजपाल, धूमसिंह, कर्मसिंह, बीरसिंह, राकेश, सतीश, आनंद, अभिषेक, कोमल, शीतल, मधु, वंशिका, करीना, विशाखा, निकिता व सृष्टि समेत आदि मौजूद रहे।

## सियाराम इंटर कालेज में युवाओं ने किया योग

प्रदीप धीमान / युरेशिया



गागलहेड़ी। मुजफ्फरनगर रोड स्थित सियाराम इंटर कालेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गागलहेड़ी में योग दिवस बहुत ही उत्साह पूर्वक मनाया गया जिसमें इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य, शिक्षको और विधार्थियो ने सहभाग किया मण्डल अध्यक्ष विनीत गुप्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश जौहरी, सोशल मीडिया मण्डल संयोजक आशु धीमान और भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ताओ ने योग दिवस मे पूर्ण रूप से सहभाग किया आशु धीमान सहित काफी संख्या में लोगो ने योग किया।

## विधायक का प्रयास लाया रंग, ग्रामवासियों को बिजली की समस्या से मिलेगी निजात

### 250 केवी का ट्रांसफार्मर रखवाने पर ग्रामीण ने जताया आभार

शेख़ मौ नादिर / युरेशिया

बेहट। तहसील बेहट के गांव सलेमपुर गदा के निवासी पिछले काफी समय से बिजली की समस्या से जूझ रहे थे इसके संबंध में बेहट विधायक उमर अली खान ने प्रयास किया और उनका प्रयास रंग लाया और गांव वालों को बिजली की समस्या से छुटकारा मिल गया। गौरतलब है की सलेमपुर गदा में पिछले काफी समय से 100 केवी के ट्रांसफार्मर पर ओवरलोड होने से बिजली आपूर्ति नही मिल पाती थी।भीषण गर्मी में ग्रामवासियों को समस्या से जूझना पड़ रहा था उक्त ट्रांसफार्मर से करीब 300 से भी अधिक परिवार जुड़े हुए है।शुक्रवार को बेहट विधायक उमर अली खान,विद्युत विभाग के जेई अश्वनी कुमार,पूर्व प्रधान सईद रावत व हसीन राणा के प्रयास से ग्रामवासियों को 250 केवी का ट्रांसफार्मर मिल गया। ट्रांसफॉर्मर मिलते ही ग्रामवासियों ने राहत की सांस ली।ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के जेई अश्वनी कुमार,क्षेत्र पंचायत सदस्य एवम पत्रकार सोमपाल कश्यप,विनीत धीमान मनोज चौहान,सतीश कुमार,रामबीर कश्यप व विशाल कश्यप को फूलमालाएं पहनाकर मिठाई बांटते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान मन्नान रावत, साकिब, फरमान अंसारी,अनीस रावत, मोसिन राव,शहजाद राव, नौशाद सिद्दीकी,शमशाद रावत सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## नानौता पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

अश्वनी कुमार/युरेशिया

नानौता।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व वांछित वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी अमित नागर के कुशल नेतृत्व में थाना नानौता पुलिस टीम द्वारा 02 वांछित अभियुक्त 1. संजीव उर्फसोनू पुत्र इलमचन्द 2. गौरव पुत्र प्रवीन निवासी ग्राम टिकरौल थाना नानौता जनपद सहारनपुर को ग्राम टिकरौल से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त संजीव की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद तमन्चा (पोनिया) 315 बोर व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।जिसके चलते थाना पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।